दैनिक
डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!
Digital Daily News Paper
# लोकतंत्र की आवाज
● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शनिवार 04 जनवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 492



## संक्षिप्त खबरें ।

### गाजा में जारी जंग के बीच सुलह की कोशिशें जारी, इजरायल सरकार का बड़ा बयान



**लोक तंत्र की आवाज़**

**गाजा।** गाजा में इजरायली हमले कहर ढा रहे हैं और फिलिस्तीनी अपनी जान गंवा रहे हैं। हालांकि जंग के शोलों के बीच सुलह की कोशिशें धीमी गति से ही सही लेकिन जारी हैं। इजरायल सरकार की घोषणा और एक मीडिया रिपोर्ट इसी तरफ इशारा करती है। इजरायल ने कहा है कि वह गाजा युद्धविराम समझौते पर चर्चा के लिए अगले सप्ताह वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल कतर भेजेगा।समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान कहा कि 'मोसाद, शिन बेट और आईडीएफ (इज़राइल रक्षा बल) के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल' वार्ता जारी रखने के लिए दोहा की यात्रा करेगा।इस सप्ताह की शुरुआत में, इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने दावा किया था कि हमास ने एक सप्ताह के युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा है। फिलिस्तीनी ग्रुप का कहना है कि इस दौरान वह गाजा में मौजूद बंधकों के ठिकानों का पता लगाएगा और उन लोगों की सूची प्रदान करेगा जिन्हें रिहा किया जा सकता है।इजरायल ने आधिकारिक तौर पर इस प्रस्ताव पर कोई टिप्पणी नहीं की।बता दें कतर, मिस्र और संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में वार्ता एक साल से अधिक समय से चल रही है।इससे पहले बुधवार को इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने एक सख्त चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अगर हमास बंधकों की रिहाई के लिए 'जल्द' किसी समझौते पर सहमत नहीं होता है तो इजरायल गाजा में अपने सैन्य अभियान को तेज कर देगा।गैलेंट ने एक सार्वजनिक बयान में कहा कि अगर हमास इजरायली बंधकों की रिहाई की अनुमति देने में नाकाम रहता है, तो फिलिस्तीनी ग्रुप को 'गाजा में तेज हमलों का सामना करना होगा जो लंबे समय से नहीं देखे गए।'इस बीच गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 71 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एन्क्लेव के पुलिस बल के प्रमुख और उनके डिप्टी भी शामिल हैं।अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा के सरकारी मीडिया कार्यालय ने बताया कि इजरायली सेना ने गुरुवार को 30 से अधिक हमले किए।

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून को उनके आवास से हिरासत में नहीं ले सकी एजेंसी, उल्टे पांव पड़ा लौटना



**लोक तंत्र की आवाज़**

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल को भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी उनके आवास से हिरासत में नहीं ले सकी। आज शुक्रवार को एजेंसी महाभियोग मामले में उनको हिरासत में लेने राष्ट्रपति के आवास पहुंची थी। मगर वहां घंटों तक चले नाटकीय घटनाक्रम के बाद उसे उल्टे पांव वापस लौटना पड़ गया। एजेंसी ने कहा कि वह राष्ट्रपति यून के आवास पर घंटों के गतिरोध के बाद भी उन्हें हिरासत में लेने में विफल रही। बता दें कि दक्षिण कोरिया की भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी ने महाभियोग का सामना कर रहे देश के राष्ट्रपति यून सुक येओल को हिरासत में लेने के वारंट की तामील करने के लिए शुक्रवार को जांचकर्ताओं को सियोल भेजा था, जहां यून के आवास पर सैकड़ों समर्थक एकत्र हैं। उच्च पदस्थ अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने वाले कार्यालय के जांचकर्ताओं को सुबह-सुबह ग्वाचेन शहर में अपने मुख्यालय से रवाना होते देखा गया।

**अदालत ने हिरासत में लेने का जारी किया था वारंटः** उल्लेखनीय है कि दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने यून सुक येओल को हिरासत में लेने और उनके कार्यालय की तलाशी लेने के लिए हाल में वारंट जारी किया था। जांच एजेंसी ने एक बयान में बताया था कि 'सियोल वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट' ने इस महीने की शुरुआत में लागू किए गए अल्पकालिक मार्शल लॉ संबंधी मामले में यून सुक येओल को हिरासत में लेने और राष्ट्रपति कार्यालय की तलाशी लेने के लिए वारंट जारी किया है। एजेंसी ने कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि तीन दिसंबर को यून द्वारा लगाया गया अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' विद्रोह के समान था या नहीं।

## मोदी ने देश की राजधानी में फूंका चुनावी बिगुल, कहा-आप दिल्ली पर आपदा बनकर आई है

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी आज दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचे हैं। यहां उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर खूब सवाल खड़े किए।

**पीएम नरेंद्र मोदी जनता को कर रहे संबोधितः** दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। भाजपा और आम आदमी पार्टी के एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया। पोस्ट शेयर करते हुए पीएम मोदी ने लिखा, 'दिल्ली की विकास के लिए आज एक अहम दिन है। अशोक विहार में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली के लिए वृहद परियोजनाओं का शिलान्यास रखा जाएगा, जिससे दिल्ली में रहने वाले लोगों का जीवन आसान होगा।' इसी कड़ी में पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली की रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। बता दें कि इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने दिल्ली में कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया और इस दौरान उन्होंने पिछली सरकारों पर खूब निशाना साधा। बता दें कि इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को पक्के मकानों की सौगात दी। बता दें कि यह मकान 'जहां झुग्गी, वहां कान' योजना के तहत दी गई हैं।

**क्या बोले पीएम नरेंद्र मोदी :** पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि ये वर्ष विश्व में भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को और सशक्त करने का वर्ष होगा। ये वर्ष भारत को दुनिया का बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने का वर्ष होगा। ये वर्ष युवाओं को नए स्टार्टअप और एंत्राप्रेन्योरशिप में तेजी से आगे बढ़ाने का होगा। ये



वर्ष कृषि क्षेत्र में नए कीर्तिमानों का वर्ष होगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है, उसमें गरीबों का घर है, स्कूल और कॉलेजों से जुड़े प्रोजेक्ट हैं। झुग्गी की जगह पक्का घर, किराए के घर की जगह, अपना घर ये नई शुरुआत ही तो है। जिनको ये घर मिले हैं, ये उनके स्वाभिमान का घर है। ये आत्मसम्मान का घर है। ये नई आशाओं और नए सपनों का घर है। मैं आप सभी की खुशियों में आपके उत्सव का हिस्सा बनने ही यहां आज आया हूं।

**इमरजेंसी के दौरान अशोक विहार में रहता थाः पीएम मोदी :** पीएम मोदी ने आगे कहा कि जब आपातकाल का समय था। देश इंदिरा गांधी के तानाशाही रवैये के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा था। उस समय मेरे जैसे बहुत साथी, अंडरग्राउंड मूवमेंट का हिस्सा थे। उस समय अशोक विहार मेरा रहने का स्थान हुआ करता था। इसलिए आज अशोक विहार में आते ही बहुत सारी पुराने यादा ताजा होना बहुत स्वाभाविक है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कुछ देर पहले जब कुछ लाभार्थियों से बात हुई तो मैं यही एहसास उनके भीतर देख रहा था, मैं नया उत्साह, नई उर्जा अनुभव कर रहा था।

**वीर सावरकर के नाम पर बन रहा नया कॉलेज :** पीएम मोदी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अगले चरण में शहरी गरीबों के लिए 1 करोड़ नए घर बनने वाले हैं। इन घरों के लिए केंद्र की भाजपा सरकार ही मदद देने वाली है। साल में जिनकी आय 9 लाख रुपये से कम है, उन परिवारों को इस योजना का विशेष फायदा होगा। केंद्र सरकार मिडिल क्लास परिवारों को घर का सपना पूरा करने के लिए होम लोन के ब्याज में बहुत बड़ी छूट दे रही है। वह पैसे सरकार दे रही है। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्वी कैंपस और पश्चिमी कैंपस का इंतजार खत्म होने जा रहा है।

### केजरीवाल के शीशमहल पर क्या बोले पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि देश भलिभांति जानता है कि मोदी ने अपने लिए कभी घर नहीं बनाया। लेकिन बीते दस वर्षों में 4 करोड़ से अधिक गरीबों के घर उनका सपना पूरा किया है। मैं भी कोई शीशमहल बना सकता था। लेकिन मेरे लिए तो मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले, यही एक सपना था। आप जब भी लोगों के पास जाएं, जो झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं, उनसे वादा करके आना, मेरे लिए तो आप ही मोदी हैं, वादा करके आना कि आज नहीं तो कल उनके लिए पक्का घर बनेगा, उनको पक्का घर मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि अभी दिल्ली में करीब 3 हजार ऐसे ही घरों के निर्माण का काम कुछ ही समय में पूरा होने वाला है।

## लालू के ऑफर के बाद तेजस्वी से हंसकर मिले नीतीश, आशीर्वाद भी दिया, सामने आई दिलचस्प तस्वीर

**लोक तंत्र की आवाज**

**पटना।** बिहार की सियासी हलचल को देखते हुए इतना तो साफ हो गया है कि नीतीश कुमार देश के दोनों बड़े पॉलिटिकल अलांयस- एनडीए और इंडिया के लिए जरूरी और मजबूरी बन गए हैं। वे किधर रहेंगे, उन्हें तय करना है। यह भी सच है सीएम की उनकी कुर्सी सलामत रहेगी। वे एनडीए में तो स्वाभिमान के साथ हैं ही, इंडिया ब्लॉक में जाने पर भी उनके रुतबे में कोई कमी आने की संभावना दूर-दूर तक नहीं दिख रही। यही वजह है कि नीतीश कुमार के चुप होते ही भाजपा तिलमिला गई है। प्रदेश स्तर के भाजपा नेता उनकी चुप्पी के खतरे को भांपते हुए उनके ही नेतृत्व में चुनाव लड़ने का राग इन दिनों जोर-शोर से अलापने लगे हैं।

**सम्राट चौधरी नीतीश के समर्थन में बोलेः** हाल ही में भाजपा कोर कमेटी की बैठक में शामिल होने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दिल्ली गए थे। वहां उन्होंने दमदार अंदाज में कहा कि नीतीश कुमार सीएम थे, सीएम हैं और आगे भी रहेंगे।



इतना ही नहीं, बैठक से लौटते ही वे सीधे सीएम की प्रगति यात्रा में शामिल होने सीतामढ़ी पहुंच गए। अटल बिहारी वाजपेयी की श्रद्धांजलि सभा में दूसरे उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा की जुबान से बिहार में भाजपा सरकार की बात निकल गई। उन्होंने कहा था कि अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी, जब बिहार में भाजपा की सरकार बनेगी। अगले ही दिन उन्हें सफाई देनी पड़ी कि नीतीश कुमार ही अगली बार भी सीएम बनेंगे। हालांकि नीतीश कुमार की भाजपा से कथित नाराजगी का कारण केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का वह बयान बताया जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगला सीएम संसदीय बोर्ड तय करेगा। तब से इस पर बवाल मचा हुआ है। नीतीश कुमार ने भी चुप्पी ओढ़ ली है।

**आरजेडी में नीतीश का बेसब्री से इंतजारः** इंडिया ब्लॉक में शामिल हर दल को नीतीश कुमार के अगले कदम का इंतजार है। इस बीच नीतीश कुमार का दिल्ली जाकर भूतपूर्व पीएम मनमोहन सिंह के परिजनों से मिले।

### तेजस्वी के कंधे पर नीतीश का हाथ!

बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के शपथ ग्रहण के मौके पर नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव का गुरुवार को आमना-सामना हुआ। तेजस्वी ने मुस्कुराते हुए नीतीश के सामने हाथ जोड़े तो उन्होंने भी मुस्कुराते हुए उनके कंधे पर हाथ रख दिया। इसे कुछ लोग तेजस्वी को नीतीश का आशीर्वाद बता कर बड़े सियासी खेल का संकेत मान रहे हैं। इसे किसी खेल का समझने के बजाय शिष्टाचार मानना ज्यादा उचित होगा। राजनीति की रंजिश निजी संबंधों से इतर होती है। इसे समझने के लिए बीते साल का एक प्रसंग पर्याप्त होगा। नंदकिशोर यादव के स्पीकर बनने में तेजस्वी ने बाधा डालने की पूरी कोशिश की। पर, जब वे स्पीकर बन गए तो तेजस्वी ने उनके चरण भी छूए थे।

## छात्रों के लिए लड़ते-लड़ते मर जाएंगे, परीक्षा रद्द करनी होगी: पप्पू यादव



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार में बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग का मुद्दा गरमाता जा रहा है। इस बीच, बिहार के पूर्णिया से सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने शुक्रवार को चक्का जाम का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि हम छात्रों के लिए लड़ते रहेंगे। पूर्णिया से सांसद राजीव रंजन उर्फ पप्पू यादव शुक्रवार को पटना के सचिवालय हाल्ट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए आंदोलन को और भी तेज करने पर जोर दिया। पप्पू यादव ने कहा, ₹देश में जब किसान आंदोलन, जाट आंदोलन और मीणा आंदोलन हो सकता है तो पेपर लीक पर आंदोलन क्यों नहीं हो सकता? देश के लोकतंत्र में तो हमारे पास यही मुद्दे हैं। हम अपनी आवाज उठाएंगे और हक के लिए भी लड़ेंगे। साथ ही अपनी इस लड़ाई को सुप्रीम कोर्ट तक लेकर जाएंगे। मरते दम तक छात्रों के लिए लड़ते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, ₹अगर कल परीक्षा होगी तो क्या वह नहीं रुक पाएगी? मेरा मानना है कि यह परीक्षा हर कीमत पर रुकेगी। इस मुद्दे पर हमारी लड़ाई लगातार जारी रहेगी और लड़ते-लड़ते ही मरेंगे।

इससे पहले बिहार के बेगूसराय में बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर युवा शक्ति के छात्र सड़क पर उतर आए। सांसद पप्पू यादव के कहने पर बिहार में रेल और सड़क जाम की योजना बनाई गई। इसी के तहत बेगूसराय के युवा शक्ति नेता पिंटू कुमार के नेतृत्व में कई छात्र सुबह एनएच 31 पर पहुंचे और पावर हाउस चौक पर जाम लगा दिया। पिछले वर्ष 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में प्रदेश की राजधानी पटना के बापू भवन परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र लीक होने की अफवाह फैल गई थी। इसके बाद सैकड़ों उम्मीदवारों ने विरोध दर्ज कराने के लिए परीक्षा का बहिष्कार भी किया था। बीपीएससी ने बापू परीक्षा परिसर में फिर से परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया।

## सुप्रीम कोर्टः लगातार 15 घंटे पूछताछ ज्यादती, पूर्व कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी अवैध

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने अवैध खनन मामले में पूर्व विधायक की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया। साथ ही कांग्रेस नेता से लगभग 15 घंटे तक की गई पूछताछ को ज्यादती बताया। सुप्रीम कोर्ट ने इसे ईडी का अमानवीय आचरण कहा।

अवैध खनन मामले में कांग्रेस नेता सुरेंद्र पवार को हाईकोर्ट से रिहा किए जाने के फैसले को ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ईडी की याचिका को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईडी की ओर से लगातार 15 घंटे तक कांग्रेस नेता से की गई पूछताछ का आचरण पूरी तरह से अमानवीय था। क्योंकि यह किसी आतंकी गतिविधि नहीं बल्कि अवैध रेत खनन से जुड़ा मामला था। ऐसे मामले में लोगों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। ईडी ने व्यक्ति को बयान देने के लिए मजबूर किया। यह ठीक नहीं है।

पीठ ने कहा कि हम उच्च न्यायालय के इस फैसले में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं कि प्रतिवादी की गिरफ्तारी अवैध थी। उच्च न्यायालय ने फैसले में केवल यह तय किया था कि पंवार की गिरफ्तारी अवैध थी या नहीं। इससे पहले दो दिसंबर को शीर्ष अदालत ने एक आदेश में कहा कि हाईकोर्ट का फैसला मनी लॉड्रिंग एक्ट की धारा 44 के तहत लंबित शिकायत को प्रभावित नहीं करेगा।

**ईडी के वकील ने दिया तर्कः** ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने कहा कि उच्च न्यायालय ने फैसले में गलती की है कि पंवार से लगातार 14.40 घंटे तक पूछताछ की गई। ईडी ने 2024 में अपने अधिकारियों को पूछताछ के कुछ मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि लोगों से देर रात और दिन के शुरुआती घंटों में पूछताछ न की जाए।

### सुप्रीम कोर्ट की ईडी को फटकार



**हाईकोर्ट ने यह कहा थाः** कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार को हाईकोर्ट ने 29 सितंबर, 2024 को रिहा किया था। अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप अवैध खनन या अवैध रूप से खनन की गई सामग्री की आपूर्ति से संबंधित थे। अवैध खनन एक अपराध है, लेकिन यह खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम और मनी लॉड्रिंग एक्ट के तहत अनुसूचित अपराध नहीं है। इसलिए याचिकाकर्ता पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है।

**15 घंटे तक चली पूछताछ पर हाईकोर्ट ने भी जताई थी नाराजगी :** कांग्रेस नेता सुरेंद्र पंवार से 15 घंटे तक की गई पूछताछ पर हाईकोर्ट ने भी नाराजगी जताई थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि ईडी ने खुद कहा कि पंवार को मनी लॉड्रिंग की धारा 50 के तहत समन जारी किया गया था और वह 19 जुलाई 2024 को गुरुग्राम में सुबह करीब 11 बजे एजेंसी के सामने पेश हुए और उनसे 14 घंटे और 40 मिनट तक लगातार पूछताछ की गई। 14 घंटे से अधिक समय तक लगातार की गई पूछताछ मानव गरिमा के विरुद्ध थी। हमें उम्मीद है कि ऐसे मामलों में प्रवर्तन निदेशालय सुधारात्मक उपाय करेगा और अधिकारियों को संदिग्धों के खिलाफ एक बार में जांच के लिए कुछ उचित समय सीमा का पालन करने के लिए संवेदनशील बनाएगा।

**यह है मामलाः** 20 जुलाई को सोनीपत के तत्कालीन विधायक व कांग्रेस के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सुरेंद्र पंवार को पूछताछ के बाद ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने गिरफ्तार किया था। करोड़ों रुपये के धनशोधन व अवैध माइनिंग से जुड़े मामले में विधायक को आरोपी बनाया गया था। अंबाला अदालत में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। ईडी ने विधायक पर आरोप लगाए हैं कि उन्होंने गलत तरीके से खनन करवाकर कंपनी के जरिए करोड़ों रुपये कमाए हैं।

## तेजस्वी इतना बड़ा सपना न देख लें, जो कभी पूरा न हों, बीजेपी का पलटवार

**लोकतंत्र की आवाज**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्रा ने 'नए साल में बिहार में नई सरकार' के तेजस्वी यादव के बयान पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि नए साल में नए सपने देखने का अधिकार सभी को है, तेजस्वी भी नए सपने जरूर देखें, लेकिन इतना भी बड़ा सपना न देख लें, जो कभी पूरा न हो।

**'तेजस्वी को 2025 में लगेगा बड़ा झटका' :** मिश्रा ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बड़े सपने देखने वालों को बड़ी हताशा भी होती है। तेजस्वी को 2025 में बहुत बड़ा झटका लगेगा और उन्हें बड़ी हताशा हाथ लगेगी। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय जनता दल



(राजद) नेताओं की बड़ी विचित्र स्थिति है, पार्टी के बूढ़े और जवान सभी अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। बच्चे का कहीं अता-पता नहीं और ये लोग सोहर गाने में जुटे हैं। कोई दरवाजा खुला रखने की बात कर रहा, तो कोई दरवाजा बंद रखने की। दरवाजा आपका है, खोलकर रखें या बंद कर रखें या हमेशा के लिए तोड़ दें, आपकी मर्जी। लेकिन, जितना फेंकेंगे, उतना समेटना भी पड़ेगा। जनता के सामने रायता फैलाएंगे, तो खुद ही गिरेंगे।

**'नया साल महागठबंधन को नया सबक सिखाएगा':** प्रभाकर कुमार मिश्रा ने कहा, ₹बिहार की जनता किसी का उधार नहीं रखती, जो जैसा करता है उसे उसका नतीजा जल्दी ही चुका देती है। राजद और महागठबंधन के दूसरे दलों ने जो बिहार के साथ किया है, उसका प्रतिफल तो उसे भोगना ही होगा।

## क्या दुनिया में फिर लगेगा लॉकडाउन? कोरोना के 5 साल बाद चीन में फिर फैली रहस्यमयी बीमारी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**बीजिंग।** चीन में एक बार फिर से रहस्यमयी बीमारी ने दस्तक दी है, जिसने ऑनलाइन चर्चाओं और अफवाहों को हवा दी है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हाल ही में यह खबर वायरल हो रही है कि चीन के अस्पताल मरीजों से भरे हुए हैं, श्मशान घाटों पर भारी भीड़ है, और कई वायरस जैसे कि इन्फ्लुएंजा ए, मायकॉप्लाज्मा न्यूमोनिया और ह्यूमन मेटापनेयूमोवायरस के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है. कुछ लोग इसे नए महामारी का संकेत बता रहे हैं।

चीन में इस समय सांस संबंधी बीमारियों के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी




देखी जा रही है, खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों में. छोटे बच्चे (जिनका इम्यून सिस्टम अभी पूरी तरह विकसित नहीं हुई है) और बुजुर्ग (जिनकी इम्यूनिटी कमजोर हो चुकी है) इस बीमारी के प्रति ज्यादा सेंसिटिव हैं. लक्षण सर्दी और फ्लू जैसे ही हैं- बुखार, खांसी, नाक बहना. गंभीर मामलों में यह न्यूमोनिया जैसी जटिलताओं का रूप ले सकता है. हालांकि, चीनी सरकार या विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस पर कोई औपचारिक अलर्ट जारी नहीं किया है.

### क्या यह वाकई महामारी है?

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और दावे कि अस्पताल मरीजों से भरे हुए हैं और स्थिति कंट्रोल से बाहर है, अभी तक प्रमाणित नहीं हुए हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसमी उछाल का मुख्य कारण ठंडा मौसम और पोस्ट-कोविड प्रभाव हैं. कोविड लॉकडाउन के दौरान लोगों का अन्य सामान्य वायरस से संपर्क कम हो गया था, जिससे उनकी इम्यूनिटी क्षमता कम हो गई. एक्सपर्ट के अनुसार, इस समय इन्फ्लुएंजा ए मुख्य बीमारी है, और ँटढश के कुछ मामले सामने आए हैं. लेकिन ँटढश कोई नई बीमारी नहीं है; इसे पहली बार 2001 में पहचाना गया था।

## महाकुंभ में होने वाले हैं शामिल? डुबकी लगाने से पहले जरूर जान लें ये 3 नियम, तभी मिलेगा लाभ

**लोक तंत्र की आवाज़**

**प्रयागराज।** महाकुंभ का मेला 13 जनवरी से प्रयागराज में शुरू होगा। कुंभ मेले को हिंदू धर्म के पवित्र आयोजनों में से एक माना जाता है। ग्रहों की विशेष स्थिति को देखकर महाकुंभ के मेले के समय का निर्धारण होता है। माना जाता है कि इस दौरान पवित्र नदियों का जल अमृत बन जाता है। इसलिए महाकुंभ के दौरान गंगा, यमुना आदि नदियों में स्नान करने से पुण्य फलों की प्राप्ति भक्तों को होती है। हालांकि कुछ ऐसे नियम भी हैं जिनका पालन आपको महाकुंभ में डुबकी लगाते समय रखना चाहिए।




आज हम आपको इन्हीं नियमों के बारे में बताने जा रहे हैं, अगर आप भी महाकुंभ में स्नान करने वाले हैं, तो इन बातों को अवश्य ध्यान में रखें।

**नियम 1ः** महाकुंभ के दौरान सबसे पहले नागा साधु स्नान करते हैं। नागा साधुओं के स्नान के बाद ही अन्य लोग स्नान कर सकते हैं। इसलिए गलती से भी आपको महाकुंभ के दिन नागा साधुओं से पहले डुबकी न लगाएं। ऐसा करना धार्मिक दृष्टि से अच्छा नहीं माना जाता। यह नियमों का उल्लंघन है और इसके कारण आपको कुंभ के स्नान का शुभ फल भी प्राप्त नहीं होता।

**नियम 2ः** अगर आप महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले हैं तो इस बात का भी ध्यान रखें कि गृहस्थ लोगों को 5 बार डुबकी लगानी चाहिए। धार्मिक मतानुसार गृहस्थ लोग जब महाकुंभ में 5 बार डुबकी लगाते हैं, तभी उनका कुंभ स्नान पूरा माना जाता है।

**नियम 3;ः** महाकुंभ में स्नान के बाद अपने दोनों हाथों से सूर्य देव को जल का अर्घ्य आपको अवश्य देना चाहिए। कुंभ मेले का आयोजन सूर्य देव की विशेष स्थिति को देखकर ही किया जाता है, इसलिए महाकुंभ के स्नान के साथ ही सूर्य देव को अर्घ्य देने से आपको शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### शांतिपूरम सूर्य मंदिर परिसर में आचार्य किशोर कुणाल को दी गयी श्रद्धांजलि



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज नगर परिषद के शांतिपूरम सूर्य मंदिर परिसर में गुरुवार को प्रखंड के समाजसेवियों के द्वारा शोकसभा आयोजित कर आचार्य किशोर कुणाल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।समाजसेवी डॉ गोविंद जी तिवारी के नेतृत्व में आयोजित शोकसभा की अध्यक्षता सुरेंद्र यादव द्वारा की गई।मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने आचार्य कुणाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित व व्यवस्थित पटना का महावीर मंदिर तथा महावीर कैंसर संस्थान हमेशा उस महामानव की महान सोच की कहानी बयां करता रहेगा।एक कुशल प्रशासक,प्रखर विद्वान,समाज सेवा का कीर्तिमान स्थापित करने वाले आचार्य के द्वारा मानव सेवा के लिए स्थापित कई संस्थान जिसके लिए बिहार के सभी वर्गों के लोग हमेशा ऋणी रहेंगे। मौके पर अजीत यादव,पप्पू चौधरी,सकल यादव,सुनील कुमार,चुनचुन ठाकुर,राजीव कुमार तथा भोला सिंह आदि ने शोकसभा में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वारिसलीगंज : 30 लीटर महुआ शराब जब्त, धंधेबाज फरार

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के मंजौर मिल्की गांव स्थित सकरी नदी के किनारे झाड़ी में बुधवार को छापेमारी कर तीस लीटर महुआ शराब जब्त कर थाना लाया।इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि देशी शराब को नदी किनारे झाड़ी में छुपा कर रखा गया था,जिसे बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद शराब बनाने में शामिल मिल्की गांव निवासी रतन चौधरी का पुत्र देवा चौधरी तथा बासो चौधरी का पुत्र फेकू चौधरी के विरूद्ध नई उत्पाद अधिनियमों के विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी संख्या-01/25 दर्ज कर फरार शराब तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

### बीपीएससी की परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर सड़क जाम

**गया।** सांसद पप्पू यादव के आह्वान पर बिहार के अलग-अलग इलाकों में यातायात सेवाओं को उनके समर्थकों द्वारा बाधित किया गया. इसी क्रम में मगध विश्वविद्यालय के समक्ष छात्रों के साथ उनके समर्थकों ने मगध विश्वविद्यालय के सामने सड़क को जाम कर आवाजाही बाधित किया. इसका नेतृत्व कर रहे छात्र नेता अशोक यादव ने बताया कि बीपीएससी की परीक्षा में व्यापक रूप से धांधली हुई है. आयोग इसकी जांच करने के बजाय छात्रों पर लाठी डंडा चलाने का काम कर रहा. अगर छात्र दुबारा एग्जाम करने को लेकर धरना दे रहे हैं तो उनके खिलाफ मुकदमे कराये जा रहे हैं. मौजूदा सरकार भी चुप्पी लगाये है. ऐसे में हम हम छात्रों को सड़क पर उतरना लाजमी है. इंकलाबी छात्र के संयोजक दीपक कुमार दांगी ने कहा कि इसकी जांच हो ताकि सच सामने न आ सके. युवा शक्ति के नेता संतोष लाल यादव ने कहा कि जिनके पास पैसा है, आज वही डिग्री और नौकरी प्राप्त कर रहे हैं. सड़क जाम के दौरान छात्रों ने तख्ती लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. सड़क जाम करने में संतोष कुमार, संतोष लाल यादव, अरविंद कुमार, राकेश कुमार, दिलीप कुमार, मनीष कुमार, सनोज कुमार मांझी, पंचम कुमार, पंकज कुमार, विकास कुमार, राजीव कुमार, सुजीत, राहुल, विक्रम, नीतीश सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।

# दिनों से गायब बच्ची का नहीं मिला सुराग, डॉग स्क्वाड और पुलिस टीम को छूट रहे पसीने

**एसपी ने तीसरे दिन चलाया सर्च अभियान ,स्टेशन से लेकर एक -एक घर की हो रही तलाशी**



लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा में रहस्मयी तरीके से गायब 05 वर्षीय बच्ची का तीन दिन बीत जाने बावजूद कुछ सुराग नहीं मिला है , जिसको लेकर परिजन काफी परेशान और चिंतित है. जिला प्रशासन द्वारा पुलिस टीम और डॉग स्क्वाड भेजकर लगातार सर्च अभियान चलाकर बच्ची की खोजबीन में जुटे हैं ,लेकिन अबतक पुलिस का हाथ खाली है। नवादा एसपी अभिनव धीमान के नेतृत्व में शुक्रवार को छोटी पाली गांव के हर घरों की तलाशी पुलिस ने लिया है ,वहीं स्थानीय तिलैया जंक्शन पर पदस्थापित जीआरपी का सहयोग भी लिया गया है . पुलिस बारीकी से हर बिंदु को ध्यान में रखकर जांच कर रही है . परिजनों द्वारा अपहरण का आशंका जताया गया है और अनहोनी को लेकर काफी परेशान हैं।

बता दें कि 01 जनवरी को पुलिस को बच्ची की लापता होने की सूचना मिली ,सूचना मिलते हीं पुलिस हरकत में आयी और पुलिस टीम डॉग स्क्वाड की टीम के साथ घर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुटी है। बच्ची की बरामदगी के लिए दिया जाएगा धरना : स्थानीय नेता व पूर्व मुखिया कन्हैया कुमार बादल ने पुलिस प्रसाशन की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए अनिश्चित कालीन धारणा देने की बात कहे हैं. उन्होंने कहा जिला और स्थानीय पुलिस प्रशासन निष्क्रिय है ,तीन दिन बीत गए ,लेकिन अबतक कोई सुराग नहीं मिलना नवादा पुलिस की लापरवाही दर्शाती है .बच्ची कहाँ गयी और कैसे गयी यह प्रश्नचिंह बना हुआ है .इस ठंड में बच्ची- किस हालत में होगी यह सोचकर परिजन के हिम्मत टूट रहे हैं .हालांकि समाजसेवियों और स्थानीय लोगों द्वारा परिजनों को हिम्मत और साहस दिया जा रहा है।

बता दें कि यह घटना नवादा जिले के नरहट थानाक्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र हिसुआ के छोटी पाली गांव की है,जहां से 05 वर्षीय बच्ची सांवी कुमारी उर्फ काव्या कुमारी पिता शिवशंकर सिंह गायब है .काव्या अपने ननिहाल छोटी पाली में थी ,जहां वह घर के बाहर खेल रही थी ,तभी बुधवार की दोपहर लगभग 02 बजे से रहस्मय तरीके से अचानक गायब हो गायी. लापता बच्ची काव्या का घर पकरीबरावां थानाक्षेत्र के असमा ग्राम है , वह अपना नानीघर छोटी पाली ग्राम आयी हुई थी .बच्ची के नाना राजेश कुमार ने कहा बच्ची अचानक गायब हो गयी है , उन्होंने आशंका जताते हुए बचाया कि किसी अपराधी द्वारा बच्ची का अपहरण कर लिया गया होगा. हालांकि अभी तक उन्हें अपहरण होने का किसी प्रकार का सूचना या जानकारी नहीं मिला है . घटना के बाद परिजन काफी परेशान है . बुधवार की दोपहर से लेकर गुरुवार की सुबह तक काफी खोजबीन किया .सभी रिश्तेदारों एवं सगे -संबंधियों के यहां भी पता किया ,लेकिन कोई जानकारी उन्हें नहीं मिला .जिसके बाद उन्होंने नरहट थाना को लिखित सूचना देकर बच्ची की बरामदगी करने का गुहार लगाया है। परिजनों द्वारा थाने सूचना के बाद गुरुवार को रजौली डीएसपी गुलशन कुमार एवं थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया,फिर सुराग हाथ नहीं लगा ,तो डॉग स्क्वाड की टीम को बुलाकर स्थलीय जांच किया। बच्ची की गायब होने की सूचना परिजनों द्वारा स्थानीय थाना को दिया गया , जिसके बाद रजौली डीएसपी और थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले पूछताछ और जानकारी लिया. पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है. बच्ची की बरामदगी को लेकर आसूचना और आसपास के सीसीटीवी फुटेज निकाली जा रही है . छोटी पाली गांव के हर घरों की तलाशी ली जा रही है . वहीं तिलैया जंक्शन पर तैनात जीआरपी की भी मदद लिया जा रहा है ,जल्द हीं बच्ची की बरामदगी हो जाएगा . पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है.- अभिनव धीमान ,एसपी ,नवादा।

## पुलिस ने चपरी गांव मारपीट मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

सिरदला थाना क्षेत्र के चपरी गांव में हुई मारपीट मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। सिरदला थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान परिवर्तित धारा 103 के प्राथमिकि अभियुक्त चपरी गांव निवासी जगदीश प्रसाद के पुत्र अवधेश कुमार बताया गया है। जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 456/24 प्राथमिकी दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है। बता दे की चपरी गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें चार लोग जख्मी हो गए थे। पीएचसी सिरदला से चारों लोगों को नवादा रेफर कर दिया गया था। जिसमें नवादा से गंभीर स्थिति को देखते हुए तीन लोगों को पटना पीएमसीएच रेफर किया गया था। तीन लोगों में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। इस मामले में एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आगे की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी जारी है।

## मारपीट मामले में चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के सिमरी बिगहा ग्रामीण कपिल राम ने स्थानीय थाना में बेवजह मारपीट करने के मामले में गांव के ही चार लोगों को आरोपी बनाया है।पुलिस ने बताया कि गांव के सुनील यादव,शिवा यादव, रामबालक यादव तथा गुड्डू यादव द्वारा गुरुवार को बेवजह गाली गलौज के साथ मारपीट किया गया।पीड़ित व्यक्ति के आवेदन पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## नवादा : 24 घंटे के अंदर 21 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी: एसपी

लोक तंत्र की आवाज



**धर्म जीत सिन्हा की रिपोर्ट**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान ने बताया कि 02 जनवरी 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 01, पुलिस पर हमला में 02, मद्य निषेध में 08 एवं अन्य गिरफ्तारी 10 कुल 21 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 22.75 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 59 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 01 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 521 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 49 हजार रूपया वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## बी डिवीजन के चौथे लीग मैच में बोलबम क्रिकेट क्लब जीता






लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में कादिरगंज हाई स्कूल के मैदान में आयोजित चौथे मैच में शुक्रवार को भगत सिंह क्रिकेट क्लब का मुकाबला बोलबम क्रिकेट क्लब से हुआ, जिसमें भगत सिंह क्रिकेट क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बोल बम क्रिकेट क्लब को बल्लेबाजी का अवसर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बोल बम क्रिकेट के बल्लेबाजों ने 32 ओवर में 164 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें हर्षित ने शानदार 73, आदित्य राज ने 34, जबकि निमिष राज ने 13 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया । गेंदबाजी करते हुए भगत सिंह क्रिकेट क्लब के गेंदबाज सनी कुमार ने तीन जबकि हिमांशु राज ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी भगत सिंह क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 31 में ओवर में 143 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। भगत सिंह क्रिकेट क्लब की तरफ से बल्लेबाज राजीव रंजन ने 39 शिवम ने 36 ,जबकि पृथ्वी ने 18 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए बोल बम क्रिकेट क्लब के आदित्य राज ने 26 रन देकर शानदार पांच विकेट झटके जबकि प्रभाकर एवं तेजस ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। इस तरह से बोल बम क्रिकेट क्लब ने भगत सिंह क्रिकेट क्लब को 21 रनों से हराकर मैच जीत लिया। इस मैच में आदित्य राज को उसके शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी संघ के सचिव मनीष आनंद के द्वारा दी गई। मैच के सफल संचालन में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी , उपाध्यक्ष जसवंत सिन्हा ,सचिव मनीष आनंद ,संयुक्त सचिव सुरेश यादव, कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे, क्लब प्रतिनिधि अरुण यादव, टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष मनीष गोविंद, अंपायर पवन कुमार तथा पंकज कुमार मैच के दौरान मौजूद रहे।

## शहर से दूर बना रैन बसेरा आवागमन की कमी के अभाव में उपयोगिताविहीन, बीते दिसम्बर आश्रय स्थल में एक दिन मात्र सात लोगों ने ही किया रात्रि विश्राम

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** आश्रय हीन लोग जिन्हें शहर में रात्रि विश्राम का कोई ठिकाना नहीं है,उनके लिए वारिसलीगंज नप ने माफी गढ़ पर 50 बेड का रैन बसेरा बना संचालित कर रखा है।करीब 37 लाख रुपये की राशि खर्च कर दो मंजिला रैन बसेरा ठहरने को ले सभी व्यवस्था के साथ उपलब्ध है। लेकिन बाजार से दूर एवं रात में आवागमन की कमी के अभाव में उपयोगिताहीन बना हुआ है।बीते दिसंबर माह में मात्र एक दिन 20 दिसंबर को सात युवकों ने रात्रि विश्राम किया है।सभी युवक शहीद चंदन सिंह की स्मृति में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में शामिल होने दूसरे जिले से आये थे।आश्रय स्थल में तीन महिला केयर टेकर समेत एक प्रबंधक तथा एक रात्रि प्रहरी नियमित कार्यरत हैं।राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा संचालित रैन बसेरा का संचालन एवं रख रखाव पर प्रति माह 50 हजार रुपये खर्च हो रहे हैं।आश्रय स्थल में बिजली,पानी एवं शौचालय के साथ ही तोषक,कम्बल आदि की व्यवस्था उपलब्ध है।नगर आजीविका मिशन के प्रबंधक सतीश कुमार ने बताया कि वारिसलीगंज का रैन बसेरा उपयोगिता हीन होने की मुख्य वजह शहर से दूर एवं वीरान स्थान पर भवन का निर्माण होना है।उन्होंने कहा कि रैन बसेरा को आबादी के निकट होना चाहिए था।ताकि लोग रेलवे स्टेशन या फिर बस स्टैंड से देर रात में उतरने पर भी आसानी से पहुंच सकें।

30 रुपया में चावल,दाल,सब्जी व रोटी की व्यवस्थाः रैन बसेरा में रुकने वाले लोग प्रबंधक को मात्र 30 रुपये भुगतान कर सादा भोजन प्राप्त कर सकते हैं।नियमानुसार जो व्यक्ति आश्रय स्थल पर विश्राम करते हैं उन्हें 30 रुपये में चावल,दाल,सब्जी या रोटी सब्जी भरपेट भोजन देना है। लेकिन अभी तक किसी भी व्यक्ति ने भोजन नहीं किया है।

## ठंड बढ़ते ही नगर परिषद क्षेत्र में अलाव जलाने की मांग

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र में तीन दिनों से बातावरण में व्याप्त कनकनी के वजह से नगर परिषद,ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों तथा सड़क किनारे निवास करने वाले वस्त्र बिहीनो को कनकनी में रात बिताना काफी कष्टकारी हो रहा है।बढ़ती कनकनी को देखते हुए नगर के बुद्धिजीवियों ने नगर परिषद कार्यालय से नगर के प्रमुख चौक चौराहों के अलावा सीएचसी परिसर में अलाव जलवाने की मांग किया है। सुबह वारिसलीगंज की सड़कों पर घूमने के दौरान कई स्थानों पर गरीबों,रिक्शा चालकों एवं वृद्ध तथा दिव्यांगजनो को ठंड से ठिठुरते देखा जा सकता है।नगर परिषद के वरिष्ठ नागरिकों एवं बुद्धिजीवियों ने नप के कार्यपालक पदाधिकारी से नप के विभिन्न वार्डों के चौक चौराहों पर ठंड से बचाव को लेकर अलाव जलाने की मांग किया है। बता दें कि पिछले वर्षों के दौरान कनकनी बढ़ने पर नप द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी समीर कुमार चौधरी ने बताया कि वातावरण में कनकनी को देखते हुए नप क्षेत्र के प्रमुख 12 चौक-चौराहों पर गुरुवार से लकड़ी का अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है तथा आगे और स्थान पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाएगी।

## नवादा : चीफ पोस्टमास्टर जनरल ने वर्चुअल तरीके से किया गया मेसकौर उप डाकघर का उद्घाटन

लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** शुक्रवार वर्चुअल माध्यम से चीफ़ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार बिहार सर्किल के द्वारा किया गया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति वर्चुअल माध्यम से जुड़े हुए थे और डाकघर का रीबन एक छोटी सी बच्ची के द्वारा काटकर इसका शुभ आरंभ किया गया। इस अवसर पर चीफ पोस्ट मास्टर जनरल ने डाकघर की कई सारी उपलब्धियां के विषय में बताया।उन्होंने कहा मेसकौर उप डाकघर में जैसे कि डाक सेवाएं, मनी ऑर्डर, और बीमा सेवाएं ऑनलाइन बैंकिंग सेवा उपलब्ध होगी। इस उप डाकघर के खुलने से स्थानीय निवासियों को डाक सेवाओं का लाभ उठाने में आसानी होगी। उद्घाटन समारोह में अनिल कुमार पोस्ट मास्टर जनरल ने वर्चुअल माध्यम से स्थानीय निवासियों को संबोधित किया और कहा अधिक से अधिक संख्या में डाक सेवा का लाभ उठाएं। इस अवसर पर डाक अधीक्षक नीरज कुमार चौधरी, डाक निरीक्षक रवि प्रकाश, संतोष कुमार प्रणाली प्रबंधक, जितेंद्र कुमार विकास पदाधिकारी, राहुल कुमार डाक




निरीक्षक, विकास कुमार उप डाकपाल भी उपस्थित थे। वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने पर अनिल कुमार ने यह भी बताया कि भारतीय डाक भारत सरकार वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने की कोशिश कर रहा है। यह कदम हमारे ग्राहकों/उपयोगकर्ताओं को वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाने में मदद करेगा और हमारे व्यवसाय को और भी मजबूत बनाएगा। वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने से हमारे ग्राहकों/उपयोगकर्ताओं को निम्नलिखित लाभ होंगे।

- वित्तीय सेवाओं का आसानी से लाभ उठाना
- वित्तीय लेन-देन की सुविधा
- वित्तीय सुरक्षा और स्थिरता

**कोशिश की जा रही है:** भारत सरकार भारतीय डाक विभाग संचार मंत्रालय की कोशिश- व्यवस्था से जोड़ने के लिए निम्नलिखित कदम उठा रही है:

- वित्तीय संस्थानों के साथ साझेदारी
- वित्तीय सेवाओं का विकास
- ग्राहकों/उपयोगकर्ताओं को वित्तीय शिक्षा प्रदान करना

मेसकोर उप डाकघर के उद्घाटन की घोषणा करती है और स्थानीय निवासियों को इसकी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित करती है।

## ट्रेन से गिरकर चिकित्सा कर्मी की मौत ,हिसुआ अस्पातल में थे कार्यरत

लोक तंत्र की आवाज



**सुनील कुमार**

**नवादा।** ट्रेन से गिरकर एक चिकित्सा कर्मी की शुक्रवार की सुबह मौत हो गयी ,वे हिसुआ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत थे। मृतक की पहचान गया जिले के नीमचक बथानी निवासी अरविंद कुमार गौतम के रूप में किया गया,वे विगत 15 वर्षों से हिसुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत थे . स्थानीय लोगों के सहयोग से दुर्घटना के बाद हिसुआ अस्पातल लाया गया ,जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया . इनकी मौत के सूचना उनके परिजन को फोन से दिया गया .जिसके बाद पुरा परिवार अस्पातल पहुंचकर रोने बिलखने गया।

बताया गया है कि वे अपने घर से ट्रेन पर सवार होकर हिसुआ अस्पातल ड्यूटी आने के लिए निकले थे ,तभी पैमार स्टेशन के पास ट्रेन से गिर गए। जिससे उनकी मौत हो गया। बहरहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### उत्तराखंड हरिद्वार पुलिस की धुआंधार चेकिंग लगातार जारी



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के एक आदेश पर शाम 5 :00 बजे से अभी तक सड़कों पर उतरी हरिद्वार पुलिस हर संदिग्ध गतिविधि व आयोजनों पर पैनी नजर टेढ़ी चाल में चलने वाले हुड़दंगी पुलिस को देखकर सीधे चल रहे कोई भी कानून के दायरे में है तो सम्मान करो, अन्यथा कानून में धाराएं बहुत हैं एसएसपी नववर्ष के स्वागत के लिए शहर से लेकर देहात क्षेत्र तक विभिन्न कार्यक्रमों की धूम है। ऐसे में कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के सतर्क नेतृत्व में हरिद्वार पुलिस द्वारा होटल ढाबा, रेस्टोरेंट एवं विभिन्न प्रकार से आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए जनपद के अलग–अलग स्थानों पर ड्रंक– ल्ल–ड्राइव, संदिग्ध व्यक्ति वस्तु चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्तानुसार कनखल क्षेत्र के जगजीतपुर एवं मेन हाईवे; झबरेड़ा, पुरकाजी बॉर्डर; भगवानपुर, मंडावर, काली नदी चेक पोस्ट; लक्सर बाजार, सुल्तानपुर, अमानतगढ़ चेक पोस्ट, पुरकाजी बॉर्डर, चंडी चौक; श्यामपुर बॉर्डर, खडखड़ी, बस अड्डा, रेलवे स्टेशन; कलियर, धनौरी, इमली खेड़ा; मंगलौर नारसन बॉर्डर, अमानतगढ़ चेक पोस्ट; बुग्गावाला आदि स्थानों पर धुआंधार चेकिंग जारी है। इसके अतिरिक्त जनपद पुलिस द्वारा नववर्ष के आगमन के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर चल रहे आयोजनों पर भी कड़ी नजर रखते हुए हुडदंगी तत्वों की निगरानी व ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही जारी है।

### बिजनौर : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राशु चौहान की जमानत याचिका की निरस्त



**रिपोर्ट राजेंद्र चौहान**
बिजनौर जिला बेसिक शिक्षा विभाग में मिड डे मील के जिला समन्वयक रहे राशु चौहान की एक बार फिर जमानत याचिका हाईकोर्ट से निरस्त हो गई है। राशु चौहान को विजिलेंस की टीम ने नूरपुर ब्लॉक प्रमुख कार्यालय से 50 हज़ार की रिश्वत लेते हुए 26 जून 2024 को गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है की राशु चौहान ने साल 2022 तक मिड डे मील की सप्लाई करने वाली संस्था को एनओसी देने के नाम पर 50 हज़ार रुपए की रिश्वत ली थी। हाईकोर्ट ने पहली बार राशु चौहान की जमानत याचिका 4 सितंबर को निरस्त की थी। फिर से दूसरी बार जमानत की अर्जी दाखिल की गई। जिससे निरस्त कर गया। राशु चौहान नूरपुर ब्लॉक प्रमुख के पति हैं।

### उत्तराखंड ज्वालापुर पुलिस ने चलाया चाइनीज़ माँझे के खिलाफ अभियान



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
हरिद्वार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर जनपद के सभी थानों द्वारा में विशेष अभियान चलाकर चाइनीज़ माँझा बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए दुकानों पर छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है।जानकारी के अनुसार ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान चलाया गया है। आपको बता दें कि चाइनीज मांझा, जो कि प्रतिबंधित है, लगातार लोगों के जीवन के लिए खतरनाक साबित हो रहा है, पतंगबाज़ी के दौरान काफ़ी लोगों के गला व हाथ कटने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रतिबंध लगाने के लिए ज्वालापुर पुलिस द्वारा अभियान जारी है। व्यक्ति की मौत के बाद जागा प्रशासन, लगाई रोक चाईनीज मांझे की चपेट में आकर हुई युवक की मौत के बाद प्रशासन ने चाईनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगा दी है। जिलाधिकारी ने चाईनीज मांझा पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही किए जाने की भी बात आदेश में कही है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को बाइक सवार एक युवक चाईनीज मांझे की चपेट में आ गया। जिस कारण से उसकी सांस की नली कट गई। आनन–फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, किन्तु चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सीनियर वकील और डॉक्टर की हर्ट अटैक से मौत: सर्दी के साथ बढ़ी हर्ट रोगियों की संख्या , घर से न निकलने की दी सलाह

**लोकतंत्र की आवाज़**

बिजनौर की तहसील मे अत्याधिक ठंड पडने के कारण 1 डॉक्टर और एक वकील की मृत्यु हो गई है





**रिपोर्ट जसवीर सिंह**
**बिजनौर।** सर्दी बढ़ने के साथ मरीजों की संख्या बढ़ी है।बताया जा रहा है कि बिजनौर शहर में देर रात हार्ट अटैक के चलते दो लोगों की मौत हो गई।। शहर के भाटान इलाके के रहने वाले सीनियर वकील मसूद अली खान और बक्शी वाला रोड के रहने वाले डॉक्टर जुबेर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। सर्दी का मौसम शुरू होते ही अब बीमारी ने भी लोगों को घेरना शुरू कर दिया है। इसी के चलते देर रात बिजनौर शहर के अलग-अलग मोहल्ले में दो लोगों की हार्ट अटैक के चलते मौत हो गई है। दोनों की मौत से उनके परिवारों में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्ला भाटान के रहने वाले सीनियर वकील मसूद अली खान का देर रात हार्ट अटैक के चलते निधन हो गया। मसूद अली पिछले कई सालों से आरटीओ दफ्तर और कोर्ट में प्रैक्टिस करते थे। इसके साथ ही वह समाज सेवा का भी काम करते थे। मसूद अली खान अपने पीछे तीन बच्चे और एक पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। काफी संख्या में लोग उनके निधन की खबर सुनते ही उनके घर पर पहुंच गए।भी हार्ट अटैक के चलते निधन हो गया है। डॉक्टर जुबेर की मौत से उनके परिवार में कोहराम मच गया। डॉक्टर जुबेर की मौत की खबर उनके शुभचिंतकों और रिश्तेदारों को मिली तो काफी संख्या में लोगों का तांता उनके घर पर लग गया। डॉक्टर जुबेर की हर्ट अटैक से मौत हो गई। हाथ पैरों को ढककर रखें वहीं, जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर राधेश्याम वर्मा का कहना है कि सर्दी के मौसम में हार्ट के पेशेंट की संख्या अधिक हो रही है, जिसके चलते उन्होंने कहा कि 60 साल से ऊपर के लोग घरों से बिल्कुल न निकलें। गर्म कपड़े पहने और गर्म तरल पदार्थ समय-समय पर लेते रहें। पूरे शरीर को हाथों पैरों और चेहरे को अच्छी तरह कपड़े से ढक कर रहें। जब तक धूप न निकले जब तक बाहर न निकलें। वहीं उनका कहना है कि हार्ट अटैक की समस्या डायबिटिक औरहाइपरटेंशन पेशेंट में ज्यादा हो रही है यह लोग घर पर ही थोड़ी-थोड़ी एक्सरसाइज करें और टाइम पर दवाई लेते रहे और अपने डॉक्टर के संपर्क में रहे।

## बिजनौर गंगा खादर में सड़ी-गली खाद डालकर नमामि गंगे योजना को लगा रहे हैं पलीता



**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट रोहित कुमार**
नजीबाबाद नांगल सोती। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे को खुद अधिकारी ही पलीता लगा रहे हैं। गंगा की रेती में सैकड़ो बीघा तरबूज, खरबूजा आदि की पलेज लगा कर गंगा को प्रदूषित किया जा रहा है। अधिकारी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के स्थान पर नमामि गंगे का मखौल उड़ा रहे हैं। नमामि गंगे यानि गंगा को प्रदूषण से मुक्त करना एवं उसके जल को निर्मल एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य किया जाना है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते अवैध कब्जाधारी किसान नांगल गंगा खादर वन विभाग की रेती में सैकड़ों एकड़ जमीन में तरबूज, खरबूजा, खीरा आदि की पलेज लगानें की तैयारी में है। इसके लिए किसानों द्वारा मुर्गियों की बीट व सड़ी-गली खाद, कैमिकल युक्त मैली डाली जा रही है। इन फसलों पर कीटनाशक का प्रयोग भी किया जाता है जिसके चलते गंगा के जल में जहर फैलता है। मछलियों सहित अन्य जल जीवों के जीवन पर इसका प्रतिकूल असर पड़ता है। अवैध पलेज के कारण गंगा में प्रदूषण का स्तर कई गुना बढ़ जाता है, बावजूद उसके प्रशासन अथवा अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाती। नमामि गंगे प्रोजेक्ट को पलीता लगाया जा रहा है। सेंचुरी क्षेत्र होने के बावजूद जलीय जीवों के जीवन को भी इससे खतरा बढ़ रहा है। अधिकारी खामोश होकर मूकदर्शक बने हुए हैं। वही इस मामले में डीएफओ नजीबाबाद वंदना फौगाट ने बताया कि मौके पर टीम भेजी जा रही है अगर उत्तर प्रदेश वन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जे पाए जाते हैं तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## यूपीएसएसएससी में जल्द खुलेगा सरकारी नौकरी की भर्तियों का पटिारा, इन पदों पर नकिलेगी वैकेंसी

**लोक तंत्र की आवाज**




**सतीश**
**लखनऊ।** जल्द यूपीएसएसएससी में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन फार्म निकाले जाएंगे। नए वर्ष पर युवाओं को योगी सरकार की ओर से सरकारी नौकरियों में भर्तियों का पिटारा खुलेगा। वहीं यूपीएसएसएससी ने लेखा परीक्षक व दंत स्वास्थ्य विज्ञानी (डेंटल हाईजिनिस्ट) के पदों पर भर्ती के लिए पांच जनवरी को आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। अभी तक कार्यवाहक अध्यक्ष, सचिव, उप सचिव, परीक्षा नियंत्रक और दो सदस्यों के भरोसे आयोग चल रहा था। सदस्यों के कुल संख्या आठ हैं। दो नए सदस्यों की भर्ती के बाद अब सदस्यों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। फिलहाल सदस्यों के चार पद खाली हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द इन पदों को भी भरा जाएगा। करीब छह महीने से खाली चल रहे अध्यक्ष के पद के कारण बड़ी भर्तियों को लेकर नीतिगत निर्णय लेने में आ रही कठिनाई दूर होगी। परीक्षा कार्य कराने के लिए एजेंसी के चयन सहित विभिन्न कार्यों में तेजी आएगी। जल्द विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन फार्म निकाले जाएंगे। नए वर्ष पर युवाओं को योगी सरकार की ओर से सरकारी नौकरियों में भर्तियों का पिटारा खुलेगा।

## मुख्तार अंसारी का मामला: सुप्रीम कोर्ट ने योगी सरकार को दिए निर्देश- मौत से जुड़ी रिपोर्ट बेटे को उपलब्ध कराई जाए

**लोक तंत्र की आवाज**



**सतीश**
**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि वह गैंग्सटर और नेता मुख्तार अंसारी की मौत से जुड़ी चिकित्सा और मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट दो सप्ताह के भीतर उनके बेटे उमर को उपलब्ध कराए। मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 को उत्तर प्रदेश के बांदा स्थित एक अस्पताल में कथित तौर पर हृदयाघात से मृत्यु हो गई थी। मऊ सदर से पांच बार विधायक रहे 63 वर्षीय मुख्तार अंसारी की 28 मार्च 2024 को उत्तर प्रदेश के बांदा स्थित एक अस्पताल में कथित तौर पर हृदयाघात से मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु से पहले बेटे ने दिसंबर, 2023 में शीर्ष अदालत का रुख किया और पिता की जान को खतरा बताते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश के बाहर किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश देने का आग्रह किया था। राज्य सरकार ने 2023 में पीठ को आश्वासन दिया था कि यदि आवश्यक हुआ तो वह बांदा जेल के अंदर अंसारी की सुरक्षा मजबूत करेगी ताकि उन्हें कोई नुकसान न हो। बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि उमर को दस्तावेज मुहैया कराए जाएंगे।

## बिजनौर स्वास्थ्य विभाग के लापरवाही के चलते तहसील नजीबाबाद के अधिकांश गांव शहर में खूब बिक रही नशे की दवाइयां

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**
**नजीबाबाद।** गांव गुनियापुर जसवंतपुर लुकादडी चंदनपुरा बिजोरी एवं नगर के कुछ मेडिकल स्टोर तथा सूत्रों के अनुसार साहूजैन डिग्री कॉलेज के आसपास की दुकानों पर पैसे कमाने के लिए नशीली व सेक्स बढ़ाने की दवाइयां खुले आम बेचीं जा रही है और युवा पीढ़ी इन दवाओं को खाकर अपनी जिंदगी तबाह कर मेडिकल स्टोर वालों को आबाद कर रहे हैं जिसके चलते कुछ मेडिकल स्टोर इसके लिए एक परिचय बन गये है और केवल मेडिकल स्टोर पर जाकर बिना किसी डॉक्टर के पर्चे के बिना इतना कहना है कि वो दे दो बस इतना कहते ही ऐसी दवाएं जो सस्ती है वह महंगे दामों में आसानी से मिल जाती है और इस से पहले नगर में कुछ लोगों को छापा मारकर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया था लेकिन बराबर यह नशीली दवा बेचने का काम जारी है इसी के साथ आजकल बीज विक्रेताओं की दुकानों पर सल्फास जैसी खतरनाक दवा भी आसानी से मिल जाती है जबकि यह दवाई गेहूं चूहे आदि के लिए है लेकिन पैसे के लालच में खुले आम बिना जांच पड़ताल कर यह दवा बेची जा रही है और कुछ मानसिक रूप से दिवालिया युवक ऐसी दवाएं सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं जबकि ऐसी दवाएं बेचना कानूनी अपराध माना जाता है और बिना डाक्टर के पर्चे पर यह दवा बेचना कानूनी अपराध है लेकिन फिर भी चन्द पैसों के लालच में कुछ लोग मौत के सौदागर बन कर अपनी तिजोरी भर कर दूसरे लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं इतना ही नहीं मेडिकल स्टोर के अलावा युवा बुक स्टॉल पर जाकर फिलूट मारकर सफेद शीशी आदि लेकर रुमाल पर रखकर नशा कर रहे हैं और स्कूल कालेज के बाहर किताब की दुकानों पर खुलेआम युवा ऐसा नशा करने के दिन भर नजर आते हैं लेकिन अवैध रूप से नशीली व सेक्स की दवाइयां सल्फास जैसी खतरनाक दवाइयां खुले रूप से आसानी से कैसी बेचीं जा रही है यह सवाल पैदा होता है और स्वास्थ्य विभाग ड्रग विभाग ऐसे लोगों को खुली छूट क्यों दे रहे हैं यह एक विचारणीय प्रश्न है।

## बिजनौर युवक ने मजार में लगाई आग

**लोकतंत्र की आवाज़**



**रिपोर्ट जसवीर सिंह**
बिजनौर की तहसील के थाना हल्दौर इलाके में एक युवक ने मजार में घुसकर मजार में रखे सामान में आग लगा दी। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने युवक को बाहर निकाला और पुलिस को सौंप दिया। युवक मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरअसल, बिजनौर के हल्दौर इलाके में मानसिक रूप से कमजोर एक युवक ने हल्दौर थाने के सामने स्थित हज़रत शेख गयासुद्दीन सुल्तान शाह की मजार में घुसकर वहां पर रखे सामान में आग लगा दी। बताया जा रहा है कि युवक नेवहां रखी चादर व सामान और अपने कपड़ों को भी जला दिया। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। युवक मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेज दिया मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। दरगाह शरीफ हगरत शेख ग्यासुद्दीन सुल्तान शाह उर्फ गरीवसाह वाला विश्नी वहीं इस मामले में एसपी सिटी संजीव वाजपेई का कहना है हलदौर थाने के पास में एक दरगाह है जहां रात में एक मंदबुद्धि नाबालिग जो नेपाली प्रतीत हो रहा है। वह आग तपने के उद्देश्य से मजार में घुस गया उसने मज़ार रखे सामान और अपने कपड़ों में आग लगा दी। सुबह जब मजार के मुतवल्ली वहां पहुंचे तो उन्होंने आसपास के लोगों को इकट्ठा किया और युवक को बाहर निकाला। तहरीर दी गई है, जिसमें बताया गया है कि युवक नासमझ है उसमें समझ नहीं है।उसके खिलाफ़ क़ानूनी कार्यवाही की जा रही है ।

# बिजनौर ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी पर फर्जी बैठक दिखाकर मेट पद की नियुक्ति की शिकायत

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**नगीना।** समाजसेवी संदीप कुमार ने मुख्यमंत्री जिलाधिकारी को पोर्टल समेत शिकायत कर ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी पर दिखाकर मेट पद पर नियुक्ति करने और फर्जी बैठक सुषमा देवी की उनकी देखरेख में मनरेगा मजदूरो से जाने की शिकायत कर विरुद्ध कार्यवाही किए की है। विकासखंड के ग्राम बेगमपुर कार्य कराए दोषियों के जाने की मांग कोतवाली क्षेत्र चायमल निवासी संदीप कुमार ने मुख्यमंत्री की शिकायत में ग्राम सिंह ग्राम विकास सिंह न 22 अक्टूबर पोर्टल पर प्रधान चरण अधिकारी कार्केंद्र 2024 को गांव के पंचायत घर में एक दिखाई जिसकी अध्यक्षता व संचालन सेक्रेटरी द्वारा सदस्यों की उपस्थिति में पूर्व में नियुक्त फर्जी बैठक ग्राम प्रधान तथा सभी दरशाई। बैठक महिला मेट ने अपना इस्तीफा दिया नियुक्ति हेतु लक्ष्मी का चयन किया गया नियुक्त सुषमा देवी सिंह निवासी ग्राम हुआ है जो सहायता समूह इस समूह में पत्नी धनीराम बेगमपुर चायमल का चयन किया गया। पत्र में कहां गया है कि रहे मनरेगा कार्य में मेट द्वारा 11 मजदूरों द्वारा शिकायती गांव में चल सुषमा देवी कार्य कराया जा रहा है, परंतु 32 मजदूरों की अटेंडेंस लगाई जा रही है। जिसमें ग्राम पंचायत बेगमपुर चायमल के दूसरे मोजे आनंद खेड़ी के भी पांच नाम है ओर कार्य बेगमपुर चायमल में कर रहे हैं। जबकि आनंद खेड़ी का कोई भी मजदूर कार्य पर नहीं आ रहा है फिर भी उनकी हाजिरी लगाई जा रही है जो ग्राम प्रधान चरण सिंह के भाई और भतीजे के पांच नाम कलवा सिंह, कपिल, अरविंद, दीपक, ओंकार, रुक्मणी, ओम प्रकाश, सोनू तिलक राम, दिनेश, सतपाल, रोहित, मनीराम, अर्जुन, नरेंद्र, तेजपाल, गौरव, संतराम, ओमपाल यह सब मजदूर कार्य पर मौजूद नहीं है फिर भी उनके अटेंडेंट भरी जा रही है। और फ मेट सुषमा देवी भी साइट पर कार्य देखने नहीं आती हैं, जिन व्यक्तियों से के नाम मस्टरोल जारी नहीं है उनसे भी कार्य कराया जा रहा है। शिकायती पत्र मे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ग्राम प्रधान में ग्राम सेक्रेटरी द्वारा फर्जी बैठक दिखाने मेट सुषमा की नियुक्ति करने और मनरेगा में द्व किए जा रहे फर्जी बाड़े की जांच करा कर दोषी पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की गुहार की है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि पूर्व में मुख्यमंत्री पोर्टल त पर की गई शिकायत का ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी ने शिकायतकर्ता को पु बिना बुलाए ही शिकायत का स निस्तारण कर शासन को अपने पक्ष में रिपोर्ट भेज दी थी जो फर्जी वाड़े की पुष्टि करता है। पूर्व शिकायत की छाया प्रति सीडीओ बिजनौर, एवं जिलाधिकारी को भी भेजी थी जिसका आज तक कोई समाधान नहीं हो पाया है।

## आईएमडी ने महाकुंभ 2025 के लिए बनाया वेबपेज, अब श्रद्धालुओं को मिलेगी मौसम की सटीक जानकारी

**लोक तंत्र की आवाज**



**रत्ना**
**लखनऊ ।** कानपुर रोड स्थित होटल हालीडे इन में **India Meteorological Department** ने अपनी 150वीं वर्षगांठ पर कार्यशाला का आयोजन कयिा। इस दौरान क्टऊने एक वेबपेज का शुभारंभ कयिा। यह वेबपेज महाकुंभ के पूरे क्षेत्र में मौसम का पूर्वानुमान और चेतावनी जारी करने में सक्षम होगा। इससे श्रद्धालुओं और मेला प्राधिकरण को उनकी सुरक्षा और व्यवस्था करने में मदद मिल सकेगी। यह वेबपेज महाकुंभ के पूरे क्षेत्र में मौसम का पूर्वानुमान और चेतावनी जारी करने में सक्षम होगा। इससे श्रद्धालुओं और मेला प्राधिकरण को उनकी सुरक्षा और व्यवस्था करने में मदद मिलेगी।
गुरुवार को कानपुर रोड स्थित होटल हालीडे इन में कार्यशाला का आयोजन कयिा गया। इस दौरान वेबपेज **ttps://mausam.imd.gov.in/mahakumbh/** का शुभारंभ किया गया। आपको बता दें कि इस वेब पेज पर महाकुंभ क्षेत्र में मौसम की पूरी जानकारी मिलेगी। तापमान, ठंड, वर्षा आदि को लेकर यहां पूर्वानुमान रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### छात्र राजद के पुलिस जिला नवगछिया के जिला अध्यक्ष बने राजीव यादव



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के परामर्श पे छात्र राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कुशवाहा के तत्वाधीन में राजद प्रदेश कार्यालय पटना में छात्र राजद प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव के द्वारा खरिक (बगड़ी) निवासी राजीव कुमार यादव को छात्र राजद पुलिस जिला नवगछिया का अध्यक्ष बनाया गया अध्यक्ष बनने के खुशी में राजद जिला अध्यक्ष अलख निरंजन पासवान , युवा जिला अध्यक्ष अमन आनंद ,छात्र नेता कमल यादव, पूर्व प्रत्यासी शैलेश यादव,सुमित यादव आदि ने बधाई दिया ।

### रोज ऐट रोड कार्यक्रम का आयोजन



लोकतंत्र को आवाज
मामलोत सेख
साहेबगंज। जिला परिवहन विभाग साहिबगंज के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में आज ( रोज ऐट रोड ) कार्यक्रम का आयोजन साहिबगंज जिले के सभी थाना क्षेत्र में किया गया। इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने वाले का सड़क सुरक्षा के प्रति व्यवहार को बदलना है जिसके लिए सभी वाहन चालकौ को गुलाब फुल एवं माला पहनाकर उन्हें जागरूक किया गया एवं बताया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों एवं सेफ्टी उपकरण जैसे हेलमेट सीटबेट आदि के साथ सड़क परिवहन के नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटना से बचा एवं अपनेझ दूसरों का अनमोल जीवन को बचाया जा सके। इसके साथ चेतावनी भी दी गई कि आगे से सड़क सुरक्षा के मानक एवं सेफ्टी उपकरण का उपयोग के साथ नियमों का उल्लंघन करने पर`५ृ३ के अंतर्गत जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही साथ हैंड बिल, बुकलेट, पंपलेट,एवं सभी योजनाओं के फॉर्म का वितरण किया गया। इस अवसर पर मोटरयान निरीक्षक अभिषेक मुंडा, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पाराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

### मिर्जाचौकी स्थित शराब दुकान में मनमानी से ग्राहकों को हो रही परेशानी



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन चौक स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में संचालकों द्वारा शराब की कीमत से अधिक की अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है। मामले की जानकारी देते हुए शराब खरीदने आए ग्राहको ने बताया कि मिर्जाचौकी रेलवे स्टेशन स्थित अंग्रेजी शराब दुकान से शराब खरीदने पर शराब की बोतल पर अंकित कीमत से अधिक पैसे की जबरन वसुली किया जाता है। जब इसका विरोध किया जाता है तो दुकान संचालकों के द्वारा कहा जाता है कि इसकी शिकायत जहां करना है कर दो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता । अगर शराब लेना है तो अधिक कीमत देना ही होगा अन्यथा शराब नहीं दी जाएगी। कई बार तो इस मामले को लेकर दुकान संचालकों एवं ग्राहकों के बीच तू तू मैं मैं की स्थिति उत्पन्न हो जाती है । बताते चले कि शराब के दुकान संचालन को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा जो दिशा निर्देश दिए गए हैं उसका पालन नहीं होता है । शराब दुकान में किसी भी प्रकार का सरकारी बोर्ड भी नहीं लगा है साथ हीं शराब दुकान के बाहर शराब बिक्री का जो निर्धारित कीमत है उसका भी बोर्ड नहीं लगा है। ऐसे में शराब दुकान के कर्मी के मनमानी एवं घोर लापरवाही को दर्शाता है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त शराब दुकान की शिकायत कई बार ग्राहकों के द्वारा विभाग से भी किया गया है लेकिन आज तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई सिर्फ आश्वासन देखकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। वही मिर्जाचौकी सरकारी शराब दुकान के संचालक संतोष सिंह से जब इस मामले में पूछा गया तो उसने गोल मटोल जवाब देते हुए बचते नजर आए ! इस मामले में उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार राणा ने बताया कि शराब दुकान में ग्राहकों से एमआरपी से अधिक मूल्य की वसूली का जो मामला है उसको लेकर दुकान की जांच की जाएगी और जो भी दोषी होंगे उसे पर कार्रवाई की जाएगी।

### साहिबगंजः सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत चलाया गया वाहन जांच अभियान



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। राजमहल थाना क्षेत्र में शुक्रवार को राजमहल थाना गेट के सामने राजमहल पुलिस इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया वहीं पुलिस इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा के द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत विभिन्न चौक चौराहों पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बिना हेलमेट ,ट्रीपल राईड,बिना लाइसेंस के वाहन चालकों को ट्रैफिक रुल पालन करने के लिए जागरूक किया गया साथ ही हेलमेट पहनने के लिए गूलाब के फूल दे कर प्रेरित किया गया। इस मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा थाना प्रभारी गुलाम सरवर सहित पुलिसबल उपस्थित थे।

# सावित्रीबाई फुले जयंती पर राष्ट्रीय शिक्षक दिवस बिहपुर के बहुजन चेतना केन्द्र में समारोह पूर्वक मनाई गई

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** शुक्रवार को माता सावित्रीबाई फुले के तैलीयचित्र पर पुष्प अर्पित कर व कैंडल जलाकर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। माता सावित्रीबाई फुले का, गौतम कुमार प्रीतम द्वारा सम्पादित बुकलेट का विमोचन पूर्व सांसद डॉ.अनील सहनी के द्वारा किया गया ।मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ.अनील साहनी ने कहा माता सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा और अधिकार के लिए काम किया वह अविस्मरणीय रहा. हम मांग करते कि इन्हें भारत रत्न से नवाजा जाए।राष्ट्रीय शिक्षक दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे सामाजिक न्याय आंदोलन, बिहार के राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम ने कहा सरकार बहुजन नायकों का सम्मान नही कर रहा है।

गौतम ने कहा सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष व विचार को स्कूल-कॉलेज के सिलेबस में देना चाहिए।तभी महिला सशक्तिकरण को मजबूत कर सकते हैं।मौके पर मौजूद सहायक प्रोफेसर डॉ. नैनिका नैनी ने कहा कि महिलाओं को स्कूल की घंटी पर ध्यान देना चाहिए न कि मंदिर की घंटी पर, महिलाओ पर हो रहे अत्याचार को खत्म करना है तो शिक्षा ग्रहण करना ही होगा।

- राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम को झारखंड के कवि उत्तम लयकार, बिहार के कवि अरूण अंजाना व गायक अखिलेश रमन ने हजारों की संख्या में मौजूद श्रोताओं से ताली बजाने पर मजबूर किया. मुख्य अतिथि डॉ.अनील सहनी, युवा नेता पवन सहनी, संजय मंडल, डॉ. नैनिका नैनी, जिला परिषद सदस्य मोइन राईन सहित सभी अतिथियों के अंग वस्त्र, बूके व स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया।



मौके पर युवा नेता पवन सहनी, सरपंच कैलाश यादव, कमल किशोर शर्मा, पृथ्वी शर्मा, राजेश पंडित, शंकर सहनी, विनोद सिंह निषाद, मो शाकिब, प्रशांत राज, अनुपम आशीष, सोहराब अली शाह, पमपम कुमार, दीपक दीवान, जुली देवी, ज्योति देवी सहित हजारों गणमान्य महिला-पुरुष, छात्र-नौजवान, मजदूर-किसान शामिल हुए।

## कोरियापट्टी पश्चिम पंचायत में मनरेगा से योजना से निर्माण हो रहा है खेल मैदान, युवाओं में उत्साह



लोकतंत्र की आवाज

**सुपौल।** जिले की त्रिवेणीगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोरियापट्टी पश्चिम पंचायत के उच्च विद्यालय कोरियापट्टी मैदान में 9 लाख 98 हजार के लागत से मनरेगा योजना के तहत बास्केटबॉल यानी खेल मैदान के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस परियोजना की निगरानी जेई प्रमोद कुमार प्रवीण, रोजगार सेवक मोहम्मद मैराज आलम के द्वारा की जा रही है, जेई प्रमोद कुमार प्रवीण ने बताया कि खेल मैदान की कार्य ससमय गुणवत्ता पूर्ण कराया जाएगा, ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि खेल मैदान की कार्य गुणवत्तापूर्ण किया जा रहा है, लाल बालू अच्छे गिट्टी सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है।

निर्माण कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं की जा रही है इस बाबत मुखिया रामानंद यादव ने बताया कि खेल मैदान का निर्माण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा जिससे उन्हें खेलने और शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने का एक समुचित अवसर मिलेगा सरकार द्वारा



खेल मैदान बनाने का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन का मौका मिलेगा और अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। वहीं आम लोगों को भी सुबह में टहलने के साथ व्यायाम करने से शारीरिक लाभ मिलेगा। इस मैदान में क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन और लंबी व ऊंची कूद आदि की सुविधा मिलेगी। खेल मैदान होने से पंचायत स्तर तक के खिलाड़ियों को भी खेलने के लिए बेहतर ग्राउंड मिल सकेगा। यह खेल मैदान मनरेगा योजना से बनाई जा रही है। मौके पर जेई प्रमोद कुमार प्रवीण रोजगार सेवक मोहम्मद महाराज आलम,वार्ड सदस्य अभिमन्यु सिंह, सुबोध कुमार, सज्जन यादव पंचायत समिति वीरेंद्र यादव, समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## कोटालपोखर शांति चौक में किया गया एंटी क्राइम चेकिंग एवं हेलमेट जांच



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**बरहरवा।** साहिबगंज जिला के कोटालपोखर थाना अंतर्गत शांति चौक में एंटी क्राइम चेकिंग किया गया जिसमें आने-जाने वाले सभी दो पहिया वाहनों का हेलमेट एवं डिक्की चेक किया गया। इस जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध को रोकना तथा कोटालपोखर थाना क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा प्रदान करना है। इस जांच अभियान में कोटालपोखर थाना के ए एस आई गुलनाज बेगम, आरक्षी भूधर चंद्र महतो, आरक्षी सुजीत यादव एवं चालक अनवर शेख मौजूद रहे।

## वैशाली जिला माली मालाकर कल्याण समिति के द्वारा देश की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधराक माता सावित्री बाई फुले की 194वी जयंती मनाई गई

लोक तंत्र की आवाज



**राजापाकर (सरसई)।** वैशाली जिला माली मालाकर कल्याण समिति के द्वारा आज देश की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की 194वी जयंती जिला महासचिव सुधीर कुमार भगत के नेतृत्व में धूमधाम से मनाई गई ! कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार भक्त ने की जबकि संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय मालाकार के द्वारा किया गया। जयंती के अवसर पर सैकड़ो की संख्या में विभिन्न प्रखंड,विभिन्न गांव से लोग उपस्थित हुए एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। सभी उपस्थित लोगों ने सावित्रीबाई फुले के तैल चित पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। अजय मालाकार ने भारत सरकार से महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की एवं राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की भी मांग की एवं बिहार सरकार से राजकीय सम्मान के साथ जयंती मनाई जाने की मांग की है। इस अवसर पर समिति के द्वारा सैंकड़ों छोटे बच्चे-बच्चियों के बीच पठन सामग्री का भी वितरण किया गया !

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार भक्त ने समाज मे माता सावित्री बाई फुले के योगदान के बारे मे बताया! इस कार्यक्रम मे समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार भक्त, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय मालाकार, जिला संरक्षक अनिल भक्त,अरविंद भगत सरपंच, डॉ शत्रुघन भगत, परशुराम भक्त, काशी भगत,डॉ उमाकांत भगत, राजकुमार भगत, रामबाबू भगत, राममिलन अंशु माली, संतोष मालाकार, सुकेश कुमार कपिलेश्वर भगत,राजू मालाकार, सुजीत मालाकार,विजय भगत, मृत्युंजय मालाकार,उपेंद्र भगत रंजीत भगत, शंकर भगत,शत्रुघन भगत, अभिजीत मालाकार,पंकज मालाकार, सुरेश भगत,शुभम सैन, विकास कुमार (शिक्षक), सुधीर भगत, रामफल भगत, विनोद भगत और मंतोष मालाकर सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे !

## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**
**साहेबगंज।** जिला दंडाधिकारी- सह-उपायुक्त हेमंत सती के अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की।

उपायुक्त ने साहिबगंज मेगा जलापूर्ति योजना, साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना, तालझारी ब्लॉक पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना, बोरियो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना, मंडरो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना, साहेबगंज गोड्डा दुमका टश्र, योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने अभी तक कितने योजनाएं पूर्ण हुये, कितने योजना संचालित हैं, कितने योजना प्रक्रियाधीन हैं एवं कितने योजना पूर्ण होने के पश्चात अब तक हैंडओवर नहीं हुये हैं, इसकी जानकारी संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता से ली।

**उपायुक्त ने अपूर्ण योजनाओं को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया:** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा संचालित योजनाएं एवं पूर्ण योजनाएं की समीक्षा करते हुए जल जीवन मिशन के तहत कितने हाउसहोल्ड को जोड़ा गया है, इसकी जानकारी ली एवं संचालित कार्यों को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में कार्यपालक अभियंता शशि शेखर सिंह, सभी सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, जिला समन्वय जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन के कर्मी उपस्थित थे।

## जनता दरबार में उपायुक्त आम जनों के समस्या से अवगत हुए

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**
**साहेबगंज।** आमजन की सुनवाई में कोई पदाधिकारी कोताही न बरतें समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने उपस्थित गीता कुमारी, मेरी मेनका टुडू, ममता पासवान, पुष्पा कुमारी, सुनील मुर्मू, टुकटुकी देवी एवं अन्य लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया।

संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित थे। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

## सावित्रीबाई फुले की 194 जयंती मनाई गई, कार्यक्रम में उपस्थित हुए पप्पू सिंह निषाद

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** एलक्युसी स्वतंत्र शिक्षालय केंद्र औलियाबाद में शुक्रवार को भारत की प्रथम शिक्षिका क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फूले की 194 वीं जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य पप्पू सिंह निषाद ने राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फूले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम का संचालक वर्ग अष्टम की छात्रा अलका कुमारी ने किया। अध्यक्षता सुजीत कुमार सुमन ने किया।श्री पप्पू निषाद ने कहा की राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फूले भारत में प्रथम कन्या विद्यालय और प्रथम किसान विद्यालय के स्थापना के लिए जानी जाती है। उनके विचार आज भी वर्त्तमान समय में प्रासंगिक है।

कार्यक्रम में क्विज परीक्षा के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।श्रुति कुमारी को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर वरीय अभिभावक रमेश कुमार सिंह, लेखराज निषाद, मधुसूदन कुमार, टिंकू, कुमार, गुलशन कुमार, प्रदीप कुमार सहित सैकड़ो छात्र - छात्राएं मौजूद रहें।

# टिविटी पेट्रोकेमिकल्स परिवार के सफलतम दो वर्ष हुए पूर्ण

लोकतंत्र की आवाज



- नवगछिया सीएफए कार्यालय में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया दूसरा वर्षगांठ
- ग्राहकों के विश्वास एवम उच्च गुणवत्ता के बदौलत टिविटी ने पूर्ण किया सफलतम दो वर्ष : मैनेजिंग पार्टनर सी.एस. झा

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** टिविटी पेट्रोकेमिकल्स परिवार ने अपना सफलतम दो वर्ष 2 जनवरी को पूर्ण किया। नवगछिया सी.एफ.ए. कार्यालय में केक काटकर कम्पनी के सी.ई.ओ पवन कुमार झा एवं सहयोगियों ने मनाया टिविटी का दूसरा वर्षगांठ। कम्पनी के मैनेजिंग पार्टनर सी.एस. झा ने कहा ग्राहकों के विश्वास एवं उच्च गुणवत्ता के बदौलत टिविटी ने सफलतापूर्वक दूसरा वर्ष पूर्ण किया है। वहीं के सी.ई.ओ पवन कुमार झा ने कहा वर्ष 2025 में भारत के खासकर इन राज्यों,जैसे गुजरात,बिहार, झारखंड, केरल,जम्मू-कश्मीर, हरियाना एवं मध्यप्रदेश के हर जिले में प्रत्येक काउंटर पर टिविटी का उत्पाद उप्लब्ध होगा।

वहीं बिहार की बातो पर कंपनी के मैनेजिंग पार्टनर सी.एस.झा ने कहा कि कम्पनी कार्य विस्तार एवं रोजगार श्रृजन हेतु बिहार में अपना मैनुफैक्चरिंग युनिट लगाने को तैयार है, सरकार के प्रतिनिधिमंडल से बात चल रही है आने वाले समय में बहुत जल्द टिविटी अपना मैनुफैक्चरिंग युनिट बिहार में लगाएगी। आपको बतादें वर्तमान समय में बिहार के खगड़िया, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा,पूर्णिया, कटिहार,भागलपुर एवम बांका में कम्पनी का कार्य चल रहा है। कम्पनी के मैनेजिंग पार्टनर श्री झा ने विडिओ कान्फ्रेंस के माध्यम से कहा संयोगवश 2 जनवरी को ही कम्पनी की शुरुआत हुई और इसी दिन सी.ई.ओ पवन कुमार झा जी का जन्मदिन भी है। अन्त में श्री झा ने कम्पनी के बर्षगांठ के साथ साथ सी.ई.ओ पवन कुमार झा को जन्मदिन की बधाई एवम शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सी.ई.ओ पवन कुमार झा,बिहार सी.एफ.ए. नीलाम्बर कुमार,रीजनल सेल्स मैनेजर राजेश कुमार,एरिया मैनेजर विशाल आनंद,रंजीत कुमार, रोमिल रंजन,अहमद अंसारी,लक्ष्मण कुमार,बिजय कुमार एवं अन्य गण्यमान्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कल्याणपुरः माता सावित्रीबाई फुले का मनाई गई जयंती समारोह



ब्यूरो चीफ मोतिहारी

पूर्वी चम्पारणः कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत सागर पंचायत के वार्ड संख्या 2 में वार्ड सदस्य कमलेश भगत के निवास स्थान पर माता सावित्रीबाई फुले का 194वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। तो वहीं इस कार्यक्रम में माली मालाकार संघ के जिला अध्यक्ष मोहित कुमार को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया है। साथ ही श्री कुमार ने बताया कि देश के प्रथम महिला अध्यापिका व समाज सेवी सावित्रीबाई फुले लड़कियों और महिलाओं के उत्थान के लिए आगे आई और समाज के हर एक तत्व के लिए काम किया जो आज भी पूजनीय है। वहीं इस कार्यक्रम के मौके पर वार्ड सदस्य कमलेश भगत, मदन मालाकार, रामनाथ भगत, मोहन भगत, राजेश्वर भगत, गौतम भगत,रंजन कुमार,बबलू कुमार मालाकार,अनील भगत,प्रमोद भगत, संतोष भगत,अमीत मालाकार, नितेश मालाकार, श्याम मालाकार,शनि मालाकार,संजीत मालाकार,समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

### मोतिहारीः पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार



ब्यूरो चीफ मोतिहारी

पूर्वी चम्पारणः गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी और आदापुर पुलिस द्वारा की गयी संयुक्त कार्रवाई में एक गांजा तस्कर गिरफ्तार। तस्कर के पास से 1 क्विंटल 9 किलो 500 ग्राम गांजा पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार तस्कर की पहचान संग्रामपुर थाना के श्यामपुर बरवा गांव निवासी प्रमोद महतो के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई सैनिक रोड, लहरा टोला के पास की गयी हैं। वहीं पुलिस ने बताया कि तश्कर को एनडीपीएस एक्ट तहत् जेल भेजने की कागजी प्रक्रिया की जा रही है।

### मोतिहारीः बढ़ते टंड को देखते हुए जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा वृद्धजन आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया




ब्यूरो चीफ मोतिहारी

पूर्वी चम्पारणः आगामी मौसम को देखते हुए जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा नगर आयुक्त मोतिहारी के साथ शहर में संचालित वृद्धजन आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान वृद्धजनों के लिए आवश्यक उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। वृद्धजन आश्रय स्थल में आवासित नागरिक गणों के लिए भोजन, कंबल, हीटर, आवासन की अन्य सुविधाएं उपलब्ध थी। आवश्यकता को देखते हुए अतिरिक्त शौचालय, मच्छरदानी, अतिरिक्त स्नानागार की व्यवस्था भी की जा रही है। उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया गया कि आवासित वरिष्ठ नागरिक गणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा गुणवत्ता पूर्ण भोजन के साथ नियमित स्वास्थ्य जांच भी करवाई जाए।

## मोतिहारीः डीएम,एसपी ने रक्तदान कर पुलिस लाइन में किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिले के सभी छः अनुमंडलों में होना है रक्तदान शिविर का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के द्वारा उपलब्ध वैन द्वारा संचालित हो रहा है रक्तदान शिविर**



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**मोतिहारी ।** शुक्रवार 03 जनवरी 25 रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के सौजन्य से जिले में वैन भेजा गया है जिसमें रक्त संग्रह करने की सुविधा उपलब्ध कराई गईं है। मोतिहारी पुलिस लाईन में आज शुक्रवार को मोतिहारी पुलिस लाइन के मैदान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के सौजन्य से किया गया।वहीं रक्तदान महादान को चरितार्थ करते हुए जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल एवं जिला पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने स्वेच्छा से रक्तदान करते हुए पूर्वी चंपारण में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन किया, जिसमें जिला प्रशासन के ओर से पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मीयों ने स्वैच्छिक रक्तदान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए रक्तदान किया, जिन्हें अल्पाहार एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। बिहार राज्य रक्तधान परिषद के सह अध्यक्ष प्रतिभा रानी ने बताया की पूर्वी चम्पारण जिले के सभी छः अनुमंडल अरेराज, चकिया, मोतिहारी, पकड़ीदयाल, रक्सौल, सिकरहना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है। सदर अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक कौशल दुबे ने बताया की 02 बजे तक पुलिस लाईन में 35 यूनिट एवं एसएसबी कैंप में 31 यूनिट रक्तदान किया गया है।उन्होंने बताया की स्वस्थ व्यक्ति को ही रक्तदान करना है इस बात का ध्यान रखा जा रहा है।उन्होंने बताया की अभी भी रक्तदान चल रहा है। – रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीः डीएम सौरभ जोरवाल ने कहा की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है उन्होंने कहा की युवाओं व आम लोगों को रक्तदान हेतु आगे आने की है जरूरत है, हर स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में एकबार जरूर रक्तदान करना चाहिए,एक यूनिट रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई तकलीफ या कमजोरी नहीं होती है।उन्होंने बताया की रक्त की कमी से से जूझ रहें लोगों को रक्त आसानी से उपलब्ध हो सकें, उन्होंने समाजिक संगठनों, युवाओं व आम लोगों से रक्तदान करने की अपील की।वहीं एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा की डिलीवरी,दुर्घटनाग्रस्त, गंभीर एनीमिया ग्रस्त या गंभीर बिमारियों से ग्रस्त लोगों को रक्त चढ़ाने की जरूरत पड़ती है, इसलिए लोगों को रक्तदान में आगे आना चाहिए।

## मोतिहारीःचकिया प्रखंड स्थित सीता कुंड का किया जाएगा विकासः जिलाधिकारी



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के चकिया प्रखंड अंतर्गत पिपरा स्थित पौराणिक स्थल सीता कुंड के विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पर्यटन विभाग, बिहार सरकार के द्वारा इस स्थल के विकास हेतु 13.10 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। पिछले सप्ताह 24 दिसंबर को पूर्वी चंपारण जिला में माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा प्रगति यात्रा के क्रम में यह घोषणा की गई थी कि सीता कुंड धाम के परिसर एवं संपर्क पथ का विकास किया जाएगा। इसके निर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा आज सीताकुंड का भ्रमण किया गया। यहां पर जिलाधिकारी ने बताया कि सीताकुंड का विकास कार्य बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के द्वारा कराया जाएगा। इसके लिए 18 माह की अधिक निर्धारित की गई है। इस स्थल के विकास के क्रम में वहां कैफेटेरिया, प्रवेश द्वार, चहारदीवारी, शौचालय ब्लॉक, दुकानों का निर्माण एवं साइट के विकास संबंधित अन्य कार्य जाएंगे। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रथम किस्त के रूप में 6.55 करोड़ की राशि पर्यटन विभाग द्वारा विमुक्त कर दी गई है।

## अपराध मुक्त बनाने के लिए पत्रकार और प्रशासन दोनो का सहयोग महत्वपूर्ण : डीआईजी



लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

**बेतिया।** चम्पारण प्रक्षेत्र के डीआईजी हर किशोर राय से शुक्रवार को दिन वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के अध्यक्ष राणा प्रताप गुप्ता, सचिव निरंकार भास्कर, प्रवक्ता सत्यम सिंघानिया, चंदन राजपूत ,अफताब रौशन, विनय कुमार समेत कई प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार शामिल रहे ।जहां उन्हें गुलदस्ता दे नव वर्ष की शुभकामनाएं दी । वही जिले में अपराध मुक्त बनाने के लिए पत्रकार और प्रशासन की सहयोग की चर्चा हुई जिस पर डीआईजी ने पत्रकारों को विश्वास दिलाया की पत्रकार और प्रशासन मिलकर समाज में एक नई दिशा दे सकते हैं ,उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी को काम पर ध्यान देना है जिससे समाज को एक नई दिशा और ऊर्जा मिल सके ।

## पेपरलेस प्रक्रिया के विरोध में नवीस संघ ने जताया विरोध जनहित और संविधान के प्रतिकूल है यह निबंधन प्रक्रिया : संघ

लोक तंत्र कि आवाज

**मुरारी झा**

**दरभंगा।** निबंधन कार्यालय, दरभंगा में सभी दस्तावेज लेखक एवं दस्तावेज सहायक व निबंधन से जुड़े सदस्यों ने बिहार दस्तावेज नवीस संघ के बैनर तले पेपरलेस प्रक्रिया के विरोध में काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। मौके पर जिलाध्यक्ष कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि बिहार में पेपर मुक्त विलेख रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ होने वाली है, पूर्व से संचालित कम्प्यूटराईज रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी अबतक सुदृढ़ नहीं हो पाई है और अब पेपर मुक्त विलेख निबंधन की चचाएं हो रही है, जिसके विरोध में शुक्रवार को उनलोगो ने काला बिल्ला लगाकर काम कर रहे है। इसके विपरीत किसी प्रकार का लेख्य पत्र का निबंधन अवैधानिक होगा। यदि




पेपरलेस निबंधन की प्रक्रिया अपनाया जाना बिहार सरकार के लिए अनिवार्य है, तो वैसी परिस्थिति में निबंधन अधिनियम–16–1908 में आमूल रूप से परिवर्तन करना अनिवार्य है, जिसके लिए सम्भवतः भारत सरकार सक्षम है। इसके इतर यदि पेपरलेस लेख्य पत्रों का निबंधन प्रक्रिया अपनायी जाती है, तो वो जनहित एवं संविधान के प्रतिकूल होगा। निबंधन अधिनियम में सन्निहित प्रावधानों के तहत निबंधन विभाग को स्वामित्व संबंधित स्थायी अभिलेखों का संधारण का दायित्व है क्योंकि इसी कार्य के लिए सरकार जनता से एक मोटी रकम मुद्रांक एवं निबंधन शुल्क के रूप में वसूल करती है। मौके पर कार्यक्रम में सचिव नीलमणि राजू, कोषाध्यक्ष रामबाबू मिश्र, पूर्व सचिव अशोक झा, कैलाश कुमार झा, परवेज आलम, रामचंद्र यादव, शमीम अख्तर, अमरनाथ मिश्रा आदि मौजूद थे।

## मोतिहारीः जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया रैन बसेरा का निरीक्षण का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी ।** मोतिहारी स्थित छतौनी बस स्टैंड में अवस्थित रैन बसेरा का आज जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा वहां उपस्थित लोगों से बात कर वहां की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी के द्वारा कंबल एवं बिस्तर की गुणवत्ता, पेयजल के लिए उपलब्ध कराए गए आर ओ की गुणवत्ता, शौचालय की साफ सफाई सहित रैन बसेरा की साफ सफाई की जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने स्वयं से शौचालय की सफाई का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिया गया।आज जिलाधिकारी के द्वारा जिला के सभी



अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया था कि सभी नगर निकायों के अवस्थित रैन बसेरों का निरीक्षण करें एवं वहां की व्यवस्था देखें। यह भी निर्देश दिया गया था कि अस्थाई एवं स्थाई जो भी रेन बसेरा हैं उसका निरीक्षण जरूर कर लिया जाए। अगर अतिरिक्त रैन बसेरा की आवश्यकता है तो उसके लिए नगर निकायों से अस्थाई रैन बसेरा का निर्माण शीघ्र कराई जाए। इस संबंध में नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियो को भी निर्देश दिए गए हैं।

## बीपीएससी प्रोटेस्ट मोतिहारीः बापूधाम रेलवे स्टेशन पर भी जमकर हुआ विरोध प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

**पूर्वी चंपारण ।** मोतिहारी में बीपीएससी की दोबारा परीक्षा को लेकर पप्पू यादव के समर्थकों का रेल रोको ऐलान के बाद हाई अलर्ट पर मौजूद थीं पुलिस प्रशासन, मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के हैं पुख्ता इंतजाम... सदर–2 एसडीपीओ जितेश पाण्डेय के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस के जवान हैं तैनात...।। आंदोलनकारी पहुंचे हैं रेलवे स्टेशन,कर रहे हैं ट्रेन रोकने का प्रयास भी किया गया। इस दौरान सैकड़ों छात्रों ने जमकर हंगामा किया। तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध–प्रदर्शन किया। मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया है। हालांकि रेल चक्का जाम क ऐलान के बाद बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर सदर डीएसपी जितेश पाण्डेय के नेतृत्व भारी संख्या में पुलिस बल एवं अधिकारी मौजूद थें।



पुलिस और प्रोटेस्ट कर रहे कार्यकर्ताओं में खुद धक्का मुक्की हुई उसके बाद काफी मशक्कत के बाद छात्रों को समझा बुझाकर शांत करवाया गया उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया। बता दें कि पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के ऐलान के बाद पूरे बिहार में रेल चक्का जाम का ऐलान किया गया था। जिसको लेकर मोतिहारी बापूधाम रेलवे स्टेशन पर छात्र युवाशक्ति ने रेलवे स्टेशन पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मोतिहारी स्टेशन पर पहुंची मुजफ्फरपुर से आनंद बिहार दिल्ली को जाने वाली गाड़ी सप्तक्रांति एक्सप्रेस के आगे बैनर पोस्टर लेकर खड़े हो गए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

## दरभंगा:नारी सशक्तिकरण को लेकर महिला थाना की ओर से जागरूकता अभियान

लोकतंत्र कि आवाज

**मुरारी झा**

**दरभंगा।** नारी सशक्तिकरण के तहत पंचोभ गांव स्थित देवनारायण उच्च विद्यालय में महिला थाना के द्वारा सशक्त समाज–सशक्त नारी बनाने के लिए जागरूक किया गया। महिला थानाध्यक्ष आरती कुमारी ने उपस्थित छात्राओं को अवगत कराया कि इन दिनों साइबर अपराधियों के द्वारा तरह–तरह का प्रलोभन देकर साइबर अपराध, कुछ लोग भोली–भाली युवती को तरह–तरह का प्रलोभन देकर फोटो लेकर भी सोशल मीडिया पर डालकर ब्लैकमेलिंग किया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने उन लोगों को बताया कि इस तरह के लोगों से बचने की जरूरत



है। किसी के बहकावे में न आवें। उन्होंने घरेलू हिंसा के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। वहीं पोक्सो धारा के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। किसी भी तरह की घटना घटने पर डायल 112 को कॉल करने की जानकारी दी। सोशल मीडिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर दारोगा कुमारी मधुबाला, महिला सिपाही डिंपल, कांति कुमारी व महिला हेल्पलाइन की रंजू कुमारी सहित स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे।

## दरभंग : बस की ठोकर से घायल व्यक्ति की ईलाज के दौरान मौत, सड़क जाम

लोक तंत्र की आवाज

**दरभंगा।** सदर थाना क्षेत्र के दरभंगा–बेनीपुर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की सुबह बस की ठोकर से एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। जिन्हें ईलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया। जिसका ईलाज के दौरान मौत हो गई। घायल व्यक्ति की पहचान कबीरचक, पोसनपुरा गांव के रहने वाले मोती पासवान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मोती पासवान गैस वेंडर का कार्य करता था। शुक्रवार की सुबह गैस वितरण के लिए घर से निकले थे। जहां मुख्य सड़क के अवैध बस स्टैंड में बस पीछे करने के दौरान ठोकर लग गई, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। घायल को आनन–फानन में डीएमसीएच ले जाया गया। जहां ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम होने की सूचना पर सदर थाना,



विश्वविद्यालय थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझा–बुझाकर जाम को हटवाया। सदर थानाध्यक्ष अमृत कुमार साह ने आश्वासन दिया कि अवैध बस स्टैंड को स्थानांतरित कर दिया जाएगा। तब जाकर लोगों का गुस्सा शांत हुआ और जाम को हटाया गया। स्थानीय लोगों का कहना था कि अवैध बस स्टैंड के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है। जाम की समस्या बनी रहती है। पुलिस की तरफ से कोई कारवाई नहीं की जाती है, वह मूक दर्शक बने रहते हैं। स्कूली बच्चों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार अवैध बस स्टैंड मुख्य सड़क पर चल रहा है। कितनी दफा लोगों के द्वारा विरोध किया गया, लेकिन पुलिस किसी तरह की कारवाई करने से परहेज करती है। सदर थाना की पुलिस ने मृतक मोती पासवान के शव को कब्जे में लेकर डीएमसीएच के पोस्टमार्टम विभाग में भेज दिया। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### शीतलहर से आमजन परेशान, अलाव जलाने के जरूरत



केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। नए वर्ष की शुरुआत बिहार के निवासियों के लिए अत्यधिक ठंड के साथ हुई है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी और पछुआ हवाओं के प्रभाव से सूबे में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरु हो गई है। पछुआ हवा के बहाव के कारण प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर दिन और रात के तापमान में औसतन चार से पांच डिग्री का अंतर देखा जा रहा है। लोगों को ठंडक और कंपकंपी का अनुभव हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 से 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की कमी आने की संभावना है। सुबह के समय सूबे के अधिकांश जिलों में हल्का से मध्यम स्तर का कोहरा बना रहेगा, साथ ही सर्द पछुआ हवा के कारण कनकनी का अहसास होगा। पछुआ की गति में वृद्धि होने से कोहरा धीरे–धीरे छंटेगा, धुंध का प्रभाव जारी रहेगा। बढ़ती हुई ठंडी हवा से आम जनता परेशान नजर आई।सड़कों पर वाहन भी कम चले। लोगो की आवाजाही भी अन्य दिनों से कम है।

### छात्रा सीख रही है,आत्मरक्षा हेतु मार्शल आर्ट

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती।बिहार शिक्षा परियोजना के तहत चल रहे, कार्यक्रम ₹रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण₹ में +2 स्कूल की छात्रा बढ़ चढ़कर भाग ले रही है,,इस योजना का मुख्य उद्देश्य– बच्चियों को सशक्त व मजबूत बनाना है।प्रशिक्षण दे रहे (ब्लैक बेल्ट) प्रशिक्षक– पंकज कुमार ने बताया कि बीते दिनांक–18 दिसंबर 2024 से 20 जनवरी तक प्रखंड के सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रतिक्षण दिया जा रहा है।शेरमारी हाई स्कूल, चम्पा देवी बालिका उच्च विद्यालय,उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर,उत्क्रमित एमङ्कएस मौल टोला,उत्क्रमित एमङ्कएस दिलौरी,उत्क्रमित मङ्कविङ्क पीरपैंती बाज़ार में मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुक्रवार को प्रशिक्षण के दौरान बसंतपुर के प्रधानाध्यापिका. रेवती रानी, सरिता कुमारी,सावित्री कुमारी,सत्यम कौशिक,विद्यावती कुमारी, साथ ही उत्क्रमित मङ्कविङ्क पीरपैंती बाज़ार के रविंदर प्रसाद सिंह,कराटे प्रशिक्षक– योगेश कुमार, शिक्षक– इम्तियाक आलम, अमरजीत कुमार, सत्यनारायण कुमार, बादल कुमार,अब्दुस सत्तार, रूपेश कुमार, सभी शिक्षकों की उपस्थिति रहे। प्रतिक्षण प्राप्ति के उपरांत सभी छात्राएं आत्मरक्षा में पारंगत होगी। समाज को दशा और दिशा में सुधार होगा।

### ऑटो बाईक के टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। शेरमारी बाजार गौशाला के पास ऑटो और बाइक के जबरदस्त टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।स्थानीय लोगों ने घायल दोनों व्यक्ति को रेफरल अस्पताल पीरपैंती लाया। घायलों की पहचान मिथिलेश कुमार दास उम्र 25 वर्ष, पिता भीसी दास,घर कुचनन्ना, तथा दूसरे ऑटो पर सवार घायल व्यक्ति का नाम बादल कुमार उम्र 34 वर्ष, पिता घनश्याम प्रसाद, ग्राम पोस्ट अमरपुर, जिला बांका का निवासी बताया जा रहा है। बाईक सवार अपने घर कूच बन्ना से बाराहाट जा रहा था।दोनों घायलों को रेफर अस्पताल पीरपैंती में उपस्थित डॉक्टर कृष्ण कुमार पासवान ने इलाज किया। गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मायागंज भागलपुर रेफर कर दिया गया। दोनों क्षतिग्रस्त वाहन टेंपो और बाइक को पीरपैंती थाना परिसर में सुरक्षित लाई गई।

### बिजली चोरी के मामले में सात लोगों पर प्राथमिकी

धर्मेंद्र कुमार शर्मा
पकरीबरावां।पकरीबरावां। बिजली विभाग ने पकरीबरावां थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर बिजली चोरी सहित अन्य मामलों में सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। कनीय अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि कोनन्दपुर में बाईपास कर बिजली चोरी के मामले में दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसी गांव में बकाया के कारण बिजली काट देने के बाद भी गलत तरीक़े से कनेक्शन कर बिजली का उपभोग करने के मामले में तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। धेवधा में एक व्यक्ति पर एवं रोहुआ में भी एक पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी पर जुर्माना भी लगाया गया है।

# भागलपुर,पीरपैंती: शिक्षा विभाग ने खेल और खिलाड़ियों के विकाश के लिए नई पहल शुरू की

## यह खेल सप्ताह 2 जनवरी से 9 जनवरी तक चलेगा



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**भागलपुर,पीरपैंती** । खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए शिक्षा विभाग ने नई पहल शुरू की है। इसके तहत प्रदेश के 74,731 स्कूलों में एक साथ खेल सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। यह खेल सप्ताह 2 जनवरी से 9 जनवरी तक चलेगा, जिसमें स्कूलों में खेल प्रतिभाओं की पहचान और चयन की प्रक्रिया होगी। इस दौरान विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन होगा और श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।सभी स्कूलों में अलग–अलग उम्र–वर्ग समूह के बीच खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।स्कूल प्रधानाध्यापक, शिक्षक और अन्य कर्मियों की भी सहभागिता अनिवार्य होगी।इस आयोजन के तहत बिहार प्रतिभा खेल पहचान मशाल–2024 का कार्यक्रम भी चल रहा है। इसमें बच्चों का फिटनेस टेस्ट लिया जा रहा है, जो पांच जनवरी तक चलेगा। राज्य के प्रशिक्षित शारीरिक और कंप्यूटर शिक्षकों द्वारा फिटनेस टेस्ट किया जा रहा है। खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता, लंबाई, वजन, फुर्ती, ताकत, और अन्य शारीरिक मानकों की जांच की जा रही है। फिटनेस टेस्ट में अनफिट पाए जाने वाले खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा।पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन 28 दिसंबर से शुरू हुआ, जो 5 जनवरी तक चलेगा।7 जनवरी से इंटर स्कूल चैंपियनशिप की शुरुआत होगी। प्रतियोगिता का समापन 10 से 14 फरवरी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के साथ होगा।भागलपुर समेत प्रदेश के सभी 42 मास्टर ट्रेनरों को पाटलिपुत्र खेल परिसर कंकड़बाग, पटना में प्रशिक्षण दिया गया है। ये मास्टर ट्रेनर विभिन्न जिलों में जाकर खेल प्रतियोगिताओं का संचालन और खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने का काम करेंगे।स्थानीय प्रगति मैदान में अनेकों विद्यालय के छात्र/छात्राएं खेल प्रशिक्षक के दिशा निर्देश में पसीना बहाते हुए नजर आए।

## गायघाट में सावित्री बाई फुले जयंती मनाई महिलाओं का किया गया सम्मान, जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान



लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**
**गायघाट ।** शहीद पिंटू सहनी सामाजिक मंच द्वारा गायघाट के बलहा में सावित्री बाई फूले जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री सांसद डॉ राज भूषण निषाद ने किया जबकि अध्यक्षता सरपंच मनोज राय और संचालन वरिष्ठ पत्रकार दिनेश सहनी आजाद गांधी ने किया।प्रथम भारतीय महिला शिक्षिका, महिलाओं तथा वंचित वर्गों की शिक्षा व समानता के लिए संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाली महान समाज सेविका, महिला सशक्तिकरण की प्रतीक सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के सांसद सह केन्द्रीय मंत्री डाक्टर राजभूषण चौधरी निषाद ने जयंती पर सावित्री बाई फुले को पुष्प अर्पित कर कहा कि वह देश की क्रांति ज्योति थी। उन्होंने रूढ़िवादी समाज में नारी शिक्षा के लिए नौ बालिकाओं को लेकर पुणे में कन्या पाठशाला की शुरुआत की थी। लोगों के विरोध के बावजूद वे निरंतर शिक्षा के प्रचार–प्रसार में लगी रही। छुआछूत, अंधविश्वास के खिलाफ आंदोलन किया। उनकी प्रेरणा से नारी शिक्षा को बढ़ावा मिला। इस मौके पर कार्यक्रम को जदयू नेता प्रभात किरण, जदयू प्रखंड अध्यक्ष लाल बाबू सहनी, भरत पासवान, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त श्रीमती वीणा देवी, प्रो हरिचंद्र सहनी, विनोद कुमार यादव, युवा नेता गौरव गुंजन, युवा अध्यक्ष जदयू राजा यादव,लाल बाबू सहनी भाजपा नेता, लाल बाबू राय,जितेंद्र यादव जिला पार्षद, मो नौशाद, राम नरेश यादव आदि ने भी संबोधित किया।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय कुमार ने सभी आवास सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**
**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर मृत्युंजय कुमार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना सर्वेक्षण को लेकर बैठक की। बैठक में सभी आवास सहायक, पीआरएस, कार्यपालक सहायक सहित प्रखंड के अधिकारी व कर्मी शामिल रहे।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कर्मियों को बताया कि 10 जनवरी से प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को लेकर सर्वेक्षण होना है। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के आवास विहीन अथवा कच्चा मकान वाले परिवारों को चिन्हित किया जाना है। सर्वेक्षण का कार्य आवास ऐप के माध्यम से होना है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि एक भी परिवार सर्वे में छुटे नहीं, इसका ख्याल रखना है। इसके अलावे अपूर्ण आवास को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। जिसमें कार्यक्रम पदाधिकारी कौशल किशोर कुमार, कार्यपालक सहायक दिलीप कुमार, लेखा सहायक रंजीत कुमार, मंटू कुमार, राजेश रंजन, ग्रामीण आवास सहायक वरुण कुमार, रजनीश कुमार, अमित कुमार आवास पर्यवेक्षक विमलेश कुमार और कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## राईन टोला मस्जिद के इमाम मौलाना साजिद रजा कादरी 9 वर्षों के बाद हुए विदा उर्दू अनुवादक में मेरिट बन चुका पोस्टिंग आना बाकी ,,, साजिद रजा



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर ।** बिहपुर मध्य पंचायत के नया टोला गौरीपुर (राईन टोला)मस्जिद के इमाम ग्राम चहटपूर थाना पलासी जिला अररिया निवासी मौलाना मोहम्मद साजिद रजा कादरी को शुक्रवारको जुम्मे की नमाज के बाद ग्रामीण द्वारा सम्मान के साथ विदाई दिया गया। मौलाना साजिद रजा कादरी ने बताया कि पिछले 9 वर्षों से राईन टोला मस्जिद के इमाम व साथ ही साथ बच्चों को उर्दू तालीम दिया करते थे। मौलाना साजिद रजा कादरी ने कहा कि आसपास के गांव से भी काफी प्यार मिला है ।जिस प्रकार 9 वर्षों से प्यार बिहपुर के लोगों से मिला है । यह काबिले तारीफ है ।जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि मैं कभी भी इस गांव को दिल से जुदा नहीं कर सकता आना–जाना लगा रहेगा। मौलाना साजिद रजा कादरी ने आगे बताया कि आप लोग की दुआ से मेरा उर्दू अनुवाद में मेरिट बन चुका है ।कुछ ही दिनों के बाद जॉइनिंग लेटर आना बाकी है ।जिसके कारण मैं आज राईन टोला मस्जिद से विदा हुआ हूं ।काफी प्यार मिला इसके लिए क्षेत्र वासियों का शुक्रगुजार हूं। विदाई समारोह में जिला परिषद सदस्य मोईन राईन, खजांची समीम नदाफ उर्फ चुना, शिक्षक आरिफ हुसैन, मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद रियाज, लाल मोहम्मद, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद तौफीक, मोहम्मद बबलू,मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद शहाबुद्दीन, बिलाल अंसारी, शिक्षक मोहम्मद जहांगीर, मोहम्मद मुस्तकीम, मोहम्मद शमशेर ,मोहम्मद फखरुद्दीन उर्फ कालिया, मोहम्मद शाहरुख, काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खलिहान में रखे धान की पूंज में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान किसानों का है रो रो कर बुरा हाल, संपत्ति नुकसान को लेकर सीओ को आवेदन देने की बात कही



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत के लेंगुरा गांव स्थित खलियान में शुक्रवार की सुबह धान के पुंज में आग लगने से चार किसानों की लाखों की संपति जलकर राख हो गई.लेंगुरा के किसान नारायण महतो के पुत्र बिहारी महतो के खलिहान में रखे हुए धान की पूंज में अज्ञात कारणों से आग लग गई। किसान ने बताया कि आग लगने से हमारे खेतों से उपजे हुए धान की सारी फसल जलकर राख हो गई है। किसानो ने बताया कि जली हुई फसलों की बाजार मूल्य लाखों रूपये से भी ज्यादा है। इतना कहते–कहते किसान का रो–रो कर बुरा हाल हो गया। घटना के कारण जब तक ग्रामीण को पता चला तब तक चारों किसानों का धान पुंज का पुंज जलकर बर्बाद हो गया। इस आग की घटना में किसान का सात से आठ बीघा धान के पुंज की नेवारी जलकर राख हो गया। इस आग से चारों किसानों का लाखों की संम्पत्ति जलकर बर्बाद होने की बात बताई जा रही है।इस घटना के बाद पीड़ित चारों किसानों ने इसकी लिखित जानकारी सीओ मो. गुफरान मजहरी को देने की बात कही है। सीओ गुफरान मझहरी ने कहा कि आवेदन दी जाएगी तो कर्मचारी से जांच करा कर उचित मुआवजे को लेकर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी.

## रजौली: साप्ताहिक हाट में मोबाइल चोर को ग्रामीणों ने दबोचा किया पुलिस के हवाले



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** नगर पंचायत क्षेत्र में प्रत्येक शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में मोबाइल चोरी करने वाले एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सुपुर्द किया।शुक्रवार को लगने वाले हाट में भीड़–भाड़ का फायदा उठाते हुए चोर व उचक्कों के द्वारा पैसों की छिनतई व मोबाइल की चोरी आम बात है।लोग साग–सब्जी खरीदने हाट–बाजार आते हैं।इस दौरान अपने पर्स,पैसे व जरूरी कागजातों के अलावे एंड्रॉयड मोबाइल गवां बैठते हैं।उचक्कों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि कई बार तो लग्जरी कार के खिड़की के शीशों को तोड़कर कार में रखे बहुमूल्य चीजों के अलावे रखे पैसों की चोरी कर चलते बनते हैं।भीड़–भाड़ के कारण लोग खरीदारी में व्यस्त रहते हैं।जिसके कारण उचक्कों का पता नहीं चल पाता है।शुक्रवार को अम्बातरी गांव से सब्जी खरीदने आई शिवनंदन कुमार की बेटी पूजा कुमारी के पैकेट से एक युवक ने बड़े सफाई से मोबाइल निकाल लिया।किन्तु एक व्यक्ति की नजर युवक की हरकत पर पड़ी।जब अपने पैकेट में मोबाइल को नहीं पाया तो युवक की तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान युवक के पास से चोरी के मोबाइल नहीं बरामद हुआ।इसके बाद पुलिस बलों ने युवक को हिरासत में लेकर थाना ले गई।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि जांच कर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## पेपरलेस निबंधन प्रणाली के खिलाफ वसीकानवीसों ने किया प्रदर्शन




लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार**
**मुजफ्फरपुर ।** कटरा प्रखंड मुख्यालय स्थित भू निबंधन कार्यालय परिसर में बिहार दस्तावेज नवीस संघ के बैनर तले दस्तावेज नवीस उर्फ कातिब ने राज्य सरकार के भू निबंधन कार्यालय को पेपर लेस कार्यक्रम का विरोध काला बिल्ला लगाकर किया. जिसका नेतृत्व संघ के प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण कुमार ने की. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सत्यनारायण चौधरी ने कहा कि सरकार से हमलोग मांग करते है कि दस्तावेज नवीस का पेपर लेस प्रकिया में क्या योगदान रहेगा स्पष्ट करें, पेपर लेस होने से दस्तावेज नवीस में बेरोजगारी व भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो जायेगी व पेपर लेस होने से भू निबंधन करने व कराने वाले दोनों धोखाधरी का शिकार हो सकते है. लोगों ने मांग करते हुए कहा कि जब तक सरकार पेपर लेस प्रक्रिया को बंद नही करती तब तक आन्दोलन जारी रहेगा. कार्यालय परिसर में ही प्रदर्शन कर रहे कातिबों ने कहा कि सरकार की इस पॉलिसी से बिहार के दस्तावेजनवीस बेरोजगार हो जाएंगे। सरकार की इस जनविरोधी नीति से एक तो जमीन की खरीद बिक्री के कागजात लिखने वाले लोगों का रोजगार छिन जाएगा इसके अलावा जमीन निबंधन में कई अन्य जटिलताएं भी आ जाएंगी।मौके पर रमेश लाल कर्ण, चन्द्रभूषण राय,,अखिलेश लाल कर्ण, रामेश्वर भगत, रामा प्रसाद सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

## दरभंगा :अलाव के लिए 3197 किग्रा से अधिक लकड़ी का किया गया वितरण



लोक तंत्र कि आवाज

**मुरारी झा**
**दरभंगा।** शीतलहर से बचाव के लिए जिलाधिकारी राजीव रौशन के आदेश के आलोक में जिला आपदा प्रबंधन के माध्यम से प्रखंडों के चयन स्थान पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इसके तहत 69 से अधिक स्थलों पर संबंधित अंचल अधिकारी के माध्यम से अलाव की व्यवस्था की जा रही है। दरभंगा प्रखंड अंतर्गत 07 जगह, बहादुरपुर में 03, हायाघाट में 08, हनुमाननगर में 02, सिंहवाड़ा में 02 जगह, जाले में 05, केवटी में 06, मनीगाछी में 06 जगह, तारडीह में 06, बेनीपुर में 03 जगह, अलीनगर में 03 जगह, बिरौल में 06, किरतपुर में 01, घनश्यामपुर में 02, कुशेश्वरस्थान पूर्वी में 05, कुल 69 जगहों पर अलाव जलाए गए हैं। इसके लिए आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा जिले में 6 लाख 24 हजार 8 सौ रु 18 अंचलाधिकारियों को के बीच राशि उपवंटित की गई है। इसके तहत बड़े प्रखंडों को 55000 से लेकर छोटे प्रखंडों को 18000 की राशि उपावंटित राशि अंचलाधिकारी को भेजी गई है। इसके माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले गरीब व्यक्तियों के बीच अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। गरीब व्यक्तियों को बढ़ते शीतलहर से बचाव के लिए अलाव के अलावा काफी संख्या में कम्बल का वितरण भी किया गया है। जिला में 818 कम्बलों का वितरण किया गया है, अलाव के लिए 3197 किग्रा से अधिक लकड़ी का वितरण किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कारू खिरहर विकास परिषद एवं दुग्ध विक्रेता संघ द्वारा दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। संत कारु खिरहर विकास परिषद एवं मां कात्यानी दूध विक्रेता संघ के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को स्टेशन परिसर में दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष नूनू यादव की अध्यक्षता, अशोक मानव के संचालन एवं दूध विक्रेता संघ के सचिव सुरेश यादव की उपस्थिति में श्रद्धापूर्वक लोगों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर लोगों को दही चुड़ा चीनी शक्कर की व्यवस्था की गई थी। परिषद अध्यक्ष देवनारायण यादव ने बताया कि नर सेवा नारायण सेवा है। वहीं दरिद्र नारायण की सेवा करने से आत्म संतुष्टि मिलती है। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह परिषद के द्वारा विगत 24 वर्षों से मत्स्यगंधा में 24 घंटे का अखंड संकीर्तन भगैत गायन कीर्तन सत्संग एवं प्रवचन का आयोजन होता है। वही उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद के रूप मे खीर का वितरण किया गया। वही भंडारा का भी आयोजन किया गया। इसके साथ ही स्टेशन परिसर में गरीबों को भोजन कराया जाता है। वही अशोक मानव ने कहा कि इस भगैत महासभा में बिहार के विभिन्न जिलों एवं भारत के कई राज्यों सहित नेपाल के भी भगत गायक यहां गायन करते हैं। इस मौके पर रामशरण यादव, दलपति जगनारायण, अशोक यादव, धनेश्वर बाबा, रामस्वरूप बाबा, कारी यादव, महेश्वर यादव, बजरंगी यादव, दिनेश पोद्दार सहित अन्य मौजूद रहे।

### रेलवे ने दी नई साल की सौगात कई जोड़ी स्पेशल ट्रेनों से लगाएगी कई फेरे

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। रेलवे यात्रियों की सुविधा को लेकर अपने पूर्व मध्य क्षेत्राधिकार के कई रेलवे स्टेशनों के बीच चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि ट्रेन संख्या – 05232 और ट्रेन संख्या 05231 पूर्णिया कोर्ट से बिहारीगंज होते हुए पूर्णिया कोर्ट जाने वाली स्पेशल ट्रेन के कुल 31 फेरे की वृद्धि की गयी है। अब यह स्पेशल ट्रेन 1 जनवरी 25 से 31 जनवरी तक प्रतिदिन चलेगी। जबकि ट्रेन संख्या – 05552 और ट्रेन संख्या 05551 सहरसा से पूर्णिया कोर्ट आने जाने वाली स्पेशल ट्रेन के भी 31 फेरे में वृद्धि की गयी है। अब उक्त दोनों स्पेशल ट्रेन 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी तक प्रतिदिन चलेगी। ट्रेन संख्या 03350 और ट्रेन संख्या 03349 दानापुर से सहरसा आने जाने वाली स्पेशल ट्रेन के 31 फेरे की वृद्धि की गयी है। अब यह स्पेशल भी 1 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रतिदिन चलाई जाएगी। जानकी ट्रेन संख्या 05570 और ट्रेन संख्या 05569 सहरसा से सरायगढ़ आने जाने वाली स्पेशल ट्रेन के कुल 22 फेरे की वृद्धि की गयी है। अब ट्रेन संख्या 05570 सहरसा से सरायगढ़ जाने वाली स्पेशल ट्रेन 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी तक रविवार और गुरूवार को छोड़कर सप्ताह में पांच दिन और ट्रेन संख्या – 05569 सरायगढ़ से सहरसा स्पेशल ट्रेन 2 जनवरी 1 फरवरी तक सोमवार और शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में पांच चलेगी। ट्रेन संख्या 03388 और ट्रेन संख्या 03387 पाटलिपुत्र से सहरसा से पाटलिपुत्र स्पेशल ट्रेन के कुल 5 फेरे की वृद्धि की गयी है। अब ट्रेन संख्या 03388 पाटलिपुत्र से सहरसा स्पेशल ट्रेन 1 जनवरी से 29 जनवरी तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को तथा ट्रेन संख्या 03387 सहरसा से पाटलिपुत्र स्पेशल ट्रेन आगामी 3 जनवरी 2025 से 31 जनवरी तक प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी।

### सहरसा: गृह भेदन कांड के तीन अभियुक्त गिरफ्तार, सदर थाना पुलिस की कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। सदर थाना पुलिस द्वारा तीन अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई थी। सभी को गृह भेदन कांड में गिरफ्तार किया गया था। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के पूरब बाजार निवासी शनिचर राय के पुत्र मनोज राय, तिवारी टोला निवासी मो कासिम के पुत्र मो आसिफ और हटिया गाछी निवासी सुबोध शाह के पुत्र कीर्ति कुमार की गिरफ्तारी की गई थी। गिरफ्तार अभियुक्त को लेकर सदर थाना कांड संख्या 01/25 दर्ज की गई थी। जिनमें धारा 331(4), 305, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

### कुलपति प्रो. बी. एस. झा ने डॉ. रवि के विचारों को जीवन में उतारने की अपील की, जन्मोत्सव पर श्रद्धांजलि अर्पित की

लोक तंत्र की आवाज

मधेपुरा। बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रो. बी. एस. झा ने डॉ. रवि के जन्मोत्सव के अवसर पर उनकी जीवन यात्रा और विचारों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. रवि न केवल एक प्रख्यात विद्वान, शिक्षक और प्रशासक थे, बल्कि उनका योगदान समाज, साहित्य और राजनीति में भी अविस्मरणीय है। यह बात कुलपति ने शुक्रवार को बीएनएमयू के संस्थापक कुलपति एवं पूर्व सांसद डॉ. रमेन्द्र कुमार यादव रवि के जन्मोत्सव समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रवि विचार मंच के तत्वावधान में कुलपति कार्यालय परिसर में हुआ। कुलपति प्रो. बी. एस. झा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. रवि ने बीएनएमयू की नींव रखी और इस विश्वविद्यालय का विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विश्वविद्यालय के शैक्षिक, प्रशासनिक और सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कुलपति ने कहा, ''हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि हम विश्वविद्यालय में शैक्षिक उत्कृष्टता बनाए रखें और डॉ. रवि के विचारों को अपने जीवन में उतारें। यह उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कुलसचिव प्रो. विपीन कुमार राय ने डॉ. रवि के राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. रवि का राजनीति में एक विशेष स्थान था। उनकी राजनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता ने बिहार की राजनीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रवि की आदमकद प्रतिमा के निर्माण की घोषणा की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. अशोक कुमार सिंह, कुलानुशासक डॉ. विमल सागर, पूर्व विकास पदाधिकारी डॉ. ललन प्रसाद अद्री, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. एम. आई. रहमान, परीक्षा नियंत्रक डॉ. शंकर कुमार मिश्र, डॉ. विजेन्द्र नारायण यादव, डॉ. दीपक कुमार गुप्ता, डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव, डॉ. हरीश खंडेलवाल, डॉ. जैनेन्द्र कुमार, डॉ. संजय कुमार सत्यार्थी, वैभव कुमार, अमित कुमार, अवनीत कुमार, मृत्युंजय कुमार सिंह, मो. शाईद आदि मौजूद थे।

# खिलाड़ियों को संसाधनों का अभाव नहीं होने देंगे, समाज में भाईचारा और एकता को बढ़ावा देगा यह टूर्नामेंट : संजीव मिश्रा

लोक तंत्र की आवाज

**राजेश्वरी गांव में फीता काटकर संजीव मिश्रा ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन**



**छातापुर।** गुरुवार को छातापुर विधानसभा क्षेत्र के राजेश्वरी पश्चिम पंचायत में आयोजित राजेश्वरी क्रिकेट क्लब के भव्य टूर्नामेंट का उद्घाटन पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक और विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री संजीव मिश्रा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में श्री मिश्रा के साथ पंचायत के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। यह टूर्नामेंट राजेश्वरी ओपी के समीप आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न गांवों से आई क्रिकेट टीमों ने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।

**समारोह में भागीदारों का स्वागत :** टूर्नामेंट के आयोजन समिति के अध्यक्ष सोनू झा सम्राट ने संजीव मिश्रा का माला पहनाकर स्वागत किया और कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा, ₹छातापुर विधानसभा क्षेत्र में क्रिकेट के क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों और उचित मार्गदर्शन के अभाव में इन प्रतिभाओं को अपने हुनर को साबित करने का अवसर नहीं मिलता। इस टूर्नामेंट के जरिए हम न सिर्फ क्रिकेट बल्कि पूरे क्षेत्र में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं।₹

**खेल के महत्व पर विचार :** श्री मिश्रा ने आगे कहा, ₹हमारा उद्देश्य केवल खेल के आयोजन तक सीमित नहीं है। हम चाहते हैं कि यहां के युवाओं को ना केवल खेल के जरिए नाम कमाने का अवसर मिले, बल्कि इसके माध्यम से वे अपने समाज और परिवार का नाम रोशन कर सकें। यह टूर्नामेंट एक मंच है, जो युवाओं को अपनी छिपी हुई प्रतिभा दिखाने का मौका देगा।

**पहला मैच :** इस टूर्नामेंट के पहले दिन उधमपुर और मंगलवारा की टीमों के बीच मैच खेला गया। मंगलवारा की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। दोनों टीमों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हुए मैच का रोमांचक आगाज किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

**समारोह में उपस्थित लोग:** टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा, राजेश्वरी क्रिकेट क्लब के आयोजन समिति के अध्यक्ष सोनू सम्राट, हरि मिश्रा, सोना झा, कन्हैया, अनंत, संजीव ठाकुर, मोनू मिश्रा, विकास कुमार, विक्की, अरुण, विनय मंडल, बाबूल, ईश्वर, दिनकर, प्रशांत मिश्रा, पियुष और कई स्कूली बच्चे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**समाज में एकता और भाईचारे का संदेश:** श्री मिश्रा ने कार्यक्रम के दौरान कहा, ₹यह टूर्नामेंट न केवल खेल के उत्साह को बढ़ावा देगा, बल्कि हमारे समाज में एकता और भाईचारे का संदेश भी फैलाएगा। ऐसे आयोजनों से युवाओं को एक सकारात्मक दिशा मिलती है और वे अपने जीवन में सफलता की ओर बढ़ते हैं।

## परिजन के जनाजे के लिए जा रहे 6 व्यक्ति रास्ते में सड़क दुर्घटना होने से दो व्यक्ति की मौत चार घायल



लोकतंत्र की आवाज

**कहरा सहरसा संवादाता।** बनगांव थाना क्षेत्र के संत लक्ष्मीनाथ कालेज के समीप गुरुवार सुबह नवहट्टा थाना क्षेत्र के चन्द्रायण गांव से सौर बाजार थाना क्षेत्र के सुहता गांव अपने परिजन के मृत्यु के जनाजे में ओटो से जा रहे 6 लोगों को सामने से आ रहे एक टाटा 407 मालवाहक भान द्वारा सामने से जोड़दार टक्कर मार देने से ओटो में सवार 48 बर्षीय एक महिला दरुदन खातुन और 55 बर्षीय मो. सोवराती की मौत हो गई जबकि ओटो में सवार अन्य 3 बर्षीय अनस, 13 बर्षीय शबनम सहित मो. सज्जाद, मो. नजाम और चालक मो. नदीम जख्मी हो गये जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रही है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार अहले सुबह ही चन्द्रायण गांव से अपने एक परिजन की मृत्यु की खबर सुनकर जनाजे मे शरीक होने एक ओटो को रिजर्व कर सौर बाजार थाना क्षेत्र के सुहता गांव जा रहे थे। जहां बनगांव थाना क्षेत्र के बनगांव महिषी मुख्य सड़क के संत लक्ष्मी नाथ कालेज के समीप सामने से तेज गति से आ रहे एक 407 भान ने टक्कर मार दी जिससे ओटो सहित ओटो में सवार ड्राइवर सहित सभी सवार सड़क किनारे गढ्ढे में गिर गये और पीकप भान बलुवाहा की तरफ भाग गया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सुचना बनगांव थाना पुलिस को देने के साथ साथ सभी घायलों को सदर अस्पताल भेजवाया जहां मो. सोवराती और दरुदन खातुन को मृत घोषित कर दिया अन्य का ईलाज किया गया। घटना की जानकारी परिजनों को मिलने पर सभी ने घटना को त्रासदी बताते राते बिलखते अस्पताल पहुंचे। वही बनगांव थाना प्रभारी पिंकी कुमारी ने बताया कि महिषी थाना पुलिस के सहयोग से टक्कर मार कर भाग रहे टाटा 407 मालवाहक भान को बलुवाहा के समीप से जप्त कर लिया गया है जिसपर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## केपी कॉलेज मुरलीगंज में प्रधानाचार्य डा. जवाहर पासवान का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया

लोक तंत्र की आवाज

**मुरलीगंज।** के पी कॉलेज मुरलीगंज के यशस्वी प्रधानाचार्य डा. जवाहर पासवान का जन्मदिन महाविद्यालय परिवार ने अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और छात्रों ने पौधे भेंट किए, केक काटा और प्रधानाचार्य को बधाई दी। माय बर्थ माय अर्थ के विचार को ध्यान में रखते हुए, डा. जवाहर पासवान ने महाविद्यालय परिसर में "एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक वृक्षारोपण किया, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। इस पहल से महाविद्यालय ने एक सकारात्मक संदेश दिया और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पहचाना। महाविद्यालय के वरीय प्राध्यापक महेंद्र मंडल, सुशांत कुमार सिंह, डॉ. अली अहमद मंसूरी, डॉ. विजय कुमार पटेल, डॉ. त्रिदेव निराला, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. चंद्रशेखर आजाद, श्री उदित नारायण मंडल, डॉ. विकाश कुमार सिंह, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. शंकर रजक, डॉ. नित्यानंद पासवान, अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपक कुमार, डॉ. शशिभूषण कुमार सुमन, डॉ. राघवेंद्र कुमार, डॉ. नज़राना आजमी, डॉ. रफत परवेज, डॉ. एहतेशाम आलम, डॉ. रूद्र किंकर वर्मा, डॉ. अवधेश व्याहुत, डॉ. ब्रह्मदेव कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी कुमार राजन, लेखापाल देवाशीष देव, अभिषेक कुमार, नीरज कुमार निराला, श्रीमति शुभा देवी, श्रीमति मीना कुमारी, महेश राम, प्रमोद कुमार, नीरज कुमार, संत कुमार, अभिमन्यु कुमार, जय कृष्ण यादव, अशोक पासवान, नयन रंजन, प्रिय रंजन, और आरजू कुमारी ने प्रधानाचार्य डा. जवाहर पासवान को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों ने डा. पासवान का स्वागत पुष्प गुच्छ, शॉल और अन्य उपहारों से किया। महाविद्यालय की छात्रा कुमारी सोना ने प्रधानाचार्य को कलम भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

## एक बच्ची की मौत एक गंभीर रूप से घायल इलाज जारी

लोकतंत्र की आवाज





**सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा।** सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के एनएच107 रानिबाग़ पंजाब नेशनल बैंक के सामने खड़ी ऑटो मे तेज रफ्तार से आ रही सेफ्टी टैंक ट्रैक्टर ने जबरदस्त टक्कर मार दिया।इस हादसे मे तक़रीबन आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है।

घायलों मे बनमा इटहरी थाना क्षेत्र के पहलाम गांव के रहने वाले दिलीप पासवान की दो पुत्री 12 वर्षीय पुत्री पायल कुमारी,8 वर्ष पुत्री गुड्डी कुमारी,और सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के रायपुरा हीरापट्टी के रहने वाले सुभाष कुमार,मनदीप कुमार, रानीबाग़ नहर के रहने वाले वायरिंग मिस्त्री मो0 फैजी और पहाड़पुर के रहने वाले श्री सादा जी शामिल है।

घटना के सम्बन्ध मे बताया जा रहा है रानीबाग पंजाब नेशनल बैंक के बगल मे वायरिंग मिस्त्री मो0 फैज की दूकान पर ऑटो चालक वायरिंग का काम करवा रहा था इसी क्रम मे रानीबाग़ रेलवे फाटक की ओर से तेज रफ्तार मे आ रही सेफ्टी टैंक ट्रैक्टर के चालक ने अपना संतुलन खो दिया जिसके बाद एक बाइक और साइकल मे टक्कर मारते हुए पंजाब नेशनल बैंक के सामने खड़ी ऑटो पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया।घटना के बाद ट्रैक्टर छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया।

वही इस हादसे मे दो बच्ची और वायरिंग मिस्त्री समेत तकरीबन आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर लाया गया जिसमें दो बच्चियों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया जहां उनका इलाज चल रहा है।फिलहाल इस पूरे मामले की छानबीन मे पुलिस जुट गई है। जिसमें एक बच्ची की निधन भी सहरसा इलाज के दौरान हो गई है।

## लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शंकर झा बाबा की भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह से मुलाकात

लोक तंत्र की आवाज

- नव वर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया गया
- सीमांचल के भविष्य को सशक्त बनाने को एकजुट हो



**अररिया।** लोजपा रामविलास पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शंकर झा बाबा ने मंगलवार को भाजपा के एकलौते सांसद प्रदीप कुमार सिंह से अररिया स्थित उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने एनडीए गठबंधन को और सशक्त बनाने पर चर्चा की, और सीमांचल क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।

शंकर झा बाबा ने भाजपा सांसद को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा, सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल में जो विकास कार्य किए हैं, वे सीमांचल की जनता के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सीमांचल के भविष्य को सशक्त बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा।

यह मुलाकात सीमांचल क्षेत्र की राजनीतिक और सामाजिक स्थिति के लिए अहम मानी जा रही है, राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह मुलाकात दोनों दलों के बीच सहयोग की संभावना को बल देती है और आगामी चुनावों में इस सहयोग का महत्वपूर्ण असर पड़ सकता है। यह कदम न केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से बल्कि क्षेत्रीय विकास की दिशा में भी एक नया आयाम जोड़ सकता है। इस मुलाकात में लोजपा रामविलास पार्टी के अन्य नेता और समर्थक भी मौजूद थे।

## क्रिकेट मैच: कंचनपुर कचड़ा ने सिमरी बख्तियारपुर को 16 रनों से हराया

लोकतंत्र की आवाज



**सिमरी बख्तियारपुर/ सहरसा ।** सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र के सिमरी के खेल मैदान में शुक्रवार को स्व गुलाब देवी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सिमरी बख्तियारपुर डीएसपी मुकेश कुमार ठाकुर, लक्ष्मीकांत शर्मा, पेक्स अध्यक्ष किशोर यादव आदि ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर किया। उद्घाटन मैच में डीसी इंटर कॉलेज सिमरी बख्तियारपुर एवं जेबीसी टीम कंचनपुर कचड़ा की टीम के बीच मुकाबला हुआ।

जिसमें कंचनपुर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हए 16 ओवर में 236 रन बनाया। जवाब में डीसी इंटर कॉलेज सिमरी बख्तियारपुर की टीम ने बल्लेबाजी करने उतरे और लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में 222 रन पर सिमट गई ।

वहीं कंचनपुर कचड़ा की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया एवं फिल्डींग व बोलिंग करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में सिमरी बख्तियारपुर की टीम को 222 पर ही आल आउट कर 14 रनों से जीत दर्ज कर लिया गया। मैन ऑफ द मैच कंचनपुर कचड़ा के खिलाड़ी सुमित कुमार को मिला। जिसमें सुमित कुमार ने 9 गैदों का सामना करते हुए 38 रन बनाए एवं 4 विकेट भी चटकाए। उद्घोषक कुन्दन कुमार, निर्णायक भूमिका में दीपक कुमार एवं पप्पू कुमार थे। मौके पर रिंकू, डॉ श्याम पौदार, कृष्ण कुमार, पवन कैसरी, संजय चौधरी, सूरज पौदार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्वास्थ्य मंत्री ने टीकाकरण कॉर्नर का उद्घाटन किया

लोक तंत्र की आवाज



- सभी प्रखंडों में टीकाकरण के लिए बनाए गए विशेष केंद्र, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगी बढ़ावा

**अररिया ।** जले में नियमित टीकाकरण अभियान को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सभी प्रखंडों के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर टीकाकरण कॉर्नर की स्थापना की गई है। इस पहल का उद्घाटन शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया। जिले के कुल 13 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर यह टीकाकरण कॉर्नर स्थापित किया गया है, जिसमें अररिया, भरगामा, फारबिसगंज, जोकीहाट, कुर्साकांटा, नरपतगंज, पलासी, रानीगंज, और सिकटी प्रखंड के सेंटर शामिल हैं।

**टीकाकरण की सुगमता बढ़ाने के लिए ठोस कदम :** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने इस अवसर पर कहा, ₹हमारे टीकाकरण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह केंद्र टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें नियमित टीकों से आच्छादित करने का प्रयास है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ेगा टीकाकरण कवरेज:** सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप ने बताया कि यह टीकाकरण कॉर्नर सप्ताह में तीन दिन - सोमवार, मंगलवार और गुरुवार को खुलेंगे। इस सुविधा से गर्भवती महिलाओं और 0 से 5 साल तक के बच्चों को सभी जरूरी टीके समय पर दिए जाएंगे, जिससे ग्रामीण इलाकों में टीकाकरण कवरेज में वृद्धि होगी। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मोईज ने बताया कि बच्चों को समय पर टीकाकरण की सभी डोज़ लगाना बेहद जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को टीकाकरण के सभी निर्धारित डोज़ समय पर लगवाएं, ताकि उन्हें घातक बीमारियों से बचाया जा सके और सामुदायिक स्वास्थ्य में सुधार हो सके।

**स्वास्थ्य विभाग की भूमिका :** डॉ. मोईज ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार के कदम से टीकाकरण प्रक्रिया को और प्रभावी बना सकेंगे। इस अवसर पर सिविल सर्जन, डीआईओ, फारबिसगंज पीएचसी के प्रभारी चिकित्सक, डब्ल्यूएचओ के आरआरटी, यूनिसेफ, यूएनडीपी और अन्य स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

## टी पी कॉलेज में सावित्रीबाई फुले और डॉ. रवि को श्रद्धांजलि शिक्षा और समाज के प्रति उनके योगदान को किया गया याद

लोक तंत्र की आवाज



**मुरलीगंज।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में आधुनिक भारत की पहली शिक्षिका सावित्री बाई फुले और महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य एवं बीएनएमयू के संस्थापक कुलपति प्रो. रमेंद्र कुमार यादव 'रवि' का जन्मोत्सव श्रद्धांजलि और सम्मान के रूप में मनाया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और सेहत केंद्र के सौजन्य से हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि सावित्री बाई फुले और डॉ. रवि दोनों ने शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने महाविद्यालय के पहले प्रधानाचार्य डॉ. रवि की शिक्षा क्षेत्र में की गई नित नई पहल और उनके योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि डॉ. रवि हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। वे केवल महाविद्यालय के संस्थापक कुलपति नहीं बल्कि समाज और शिक्षा के प्रति अपने योगदान के कारण आदर्श बने।

अर्थपाल डॉ. मिथिलेश कुमार अरिमर्दन ने कहा कि सावित्री बाई फुले और डॉ. रवि दोनों ने अपने जीवन को समाज की सेवा में समर्पित किया। उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान से आज भी लाखों लोग प्रेरित हो रहे हैं। उन्होंने महात्मा गांधी के आदर्शों की तरह समाज में समानता और शिक्षा के माध्यम से परिवर्तन लाने का प्रयास किया। कार्यक्रम के संचालन करते हुए दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि सावित्री बाई फुले और डॉ. रवि दोनों ने अपने जीवन में शिक्षा के महत्व को समझा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अथक प्रयास किए। उनका यह संदेश है कि शिक्षा ही समाज में बदलाव ला सकती है।

इस अवसर पर पूर्व कोच डॉ. रामकृष्ण प्रसाद यादव, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. जावेद अहमद, डॉ. आशुतोष झा, डॉ. विकास आनंद, डॉ. कुंदन कुमार सिंह, डॉ. मनोज कुमार ठाकुर, डॉ. शहरयार अहमद, डॉ. अंकेश कुमार, डॉ. संतोष कुमार सेट्ठी, नारायण ठाकुर, राजीव कुमार रंजन, मनीष कुमार, महेश कुमार, सुशील कुमार, दिलीप कुमार आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पिकअप की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत दो गंभीर रेफर, पिकअप वाहन चालक फरार




लोकतंत्र की आवाज
श्री राम पाण्डेय, ब्यूरो चीफ
चतरा। हंटरगंज थाना क्षेत्र के चतरा – डोभी मुख्य पथ एनएच 99 ग्राम भोंदल प्रतापपुर मोड़ के समीप गुरुवार की दोपहर पिकअप और बाइक की हुई टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार एक महिला व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन–फानन में घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक स्थिति नाजुक के चलते गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर चतरा भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि थाना क्षेत्र के स्टाइल नगर पांडेपुरा ग्राम निवासी कुंदन कुमार (18) वर्षीय शोभा देवी व हरि कुमार, व एक चालक चारों बाइक पर सवार हो पांडेपुरा से चतरा जा रहे थे इस दौरान भोंदल ग्राम प्रतापपुर मोड़ के समीप सड़क पार करने के दौरान हंटरगंज की ओर से तेजगति पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों घायल हो गए युवक सड़क पर गिर पड़े। जिसमें पांडेपुरा निवासी गुजर भारती 18 वर्षीय की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथ बाइक में सवार हरि कुमार (20 ) व उसकी पत्नी शोभा देवी (18)गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन – फानन में राहगीरों ने हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों का उपचार करने के बाद चिकित्सक ने गंभीर स्थिति के चलते रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा अस्पताल भेज दिया। इधर टक्कर मारकर भाग रहा पिकअप वाहन चालक अनियंत्रित होकर वाहन को पलट दिया पिकअप में आलू और प्याज लदा हुआ था। वही चालक नौ दो ग्यारह हो गया।फिलहाल पुलिस पिकअप वाहन को थाना ले आई है।

### दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने नवादा पंचायत मुखिया के समक्ष सिंदरी से चिलोय तक पक्की सड़क बनाने की रखी मांग



लोकतंत्र की आवाज
कुंदा (चतरा)। कुंदा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नवादा पंचायत के दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने पक्की सड़क निर्माण करने का मांग किया है खुटवालिया,सिंदरी, कोयता, उलवार, रजवार, टटेज, इचाक, रगनीतरी, समेत अन्य गांव के ग्रामीणों ने पक्की सड़क निर्माण की मांग पंचायत क्षेत्र के मुखिया भरत यादव के पास रखी है ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत मुख्यालय तक पहुंचाने के लिए पक्की सड़क नहीं रहने के कारण पहुंचने के लिए दूसरे मार्ग होते हुए नवादा पंचायत मुख्यालय तक पहुंचना पड़ता है जो लगभग 30 किलोमीटर के आसपास है जबकि उक्त सड़क यदि बन जाती है तो पंचायत मुख्यालय की दूरी मात्र 5से10 किलोमीटर के आसपास होगो वहीं जिला मुख्यालय तक पहुंचाने के लिए उक्त गांव के लोगों को लगभग 20 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी, इसके साथ ही शाहपुर,मेदवाडीह, इचातु समेत अन्य कई गांवों को भी जिला मुख्यालय तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी मुखिया भरत यादव ने ग्रामीणों की मांग को जायज बताया है उनका कहना है कि इन ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय तक पहुंचाने के लिए आजदी के बाद से अब तक पक्की सड़क नसीब नहीं हुआ जिसके कारण इन सभी ग्रामीणों को विषम परिस्थितियों में भी काफी कठिनाइ का सामना करना पड़ रहा है मुखिया ने कहा है की वर्तमान सांसद व विधायक के साथ –साथ चतरा उपायुक्त समक्ष उक्त समस्या को रखकर समाधान करने का पहल किया जाएगा ।

# हजारीबाग उपायुक्त ने शीतलहरी से प्रभावित लोगों के बीच पहुंची, वृद्ध एवं असहयों को दिया कंबल

लोकतंत्र की आवाज



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग में चल रही भीषण शीतलहरी के कारण जन जीवन पर असर पड़ रहा है। बढ़ती ठंड से सड़क किनारे अपने जिंदगी गुजर बसर करने वाले लोगों के इस समय काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के दृष्टिगत आज 2 जनवरी को उपायुक्त नैंसी सहाय ने ठंड से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न गांवों में कंबल वितरण अभियान का नेतृत्व किया। यह अभियान तिलरा गांव (बिरहोर टोला), चंपानगर नवाडीह पंचायत, इचाक और रोमि गांव (पदमा) में आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग को ठंड से बचाने के लिए सहायता प्रदान करना था।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने बिरहोर समुदाय समेत ग्रामीणों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक प्राथमिकता से पहुंचे। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा, प्रशासन की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि समाज के कमजोर वर्ग को हर संभव सहायता मिले। ठंड के इस मौसम में कंबल वितरण केवल राहत प्रदान करने का प्रयास है।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी, पुलिस बल और स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच जाकर कंबल वितरित किए और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच चॉकलेट का भी वितरण किया। बिरहोर टोला जैसे दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में इस तरह की पहल ने प्रशासन की सक्रियता और प्रतिबद्धता मानवीय पहल को दर्शाया है।

इस अभियान के तहत सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को कंबल दिए गए, जिससे उन्हें कड़कड़ाती ठंड में राहत मिली। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को इस वितरण से लाभ पहुंचा। उपायुक्त सहाय ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि प्रशासन उनकी हरसंभव मदद के लिए हमेशा तैयार रहेगा। उन्होंने स्थानीय समुदाय से भी अपील की कि वे ऐसे कार्यों में प्रशासन का सहयोग करें और जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने में अपना योगदान दें।

उपायुक्त ने ठंड के प्रकोप को देखते हुए सभी प्रखंडों के महत्वपूर्ण स्थानों में अलाव की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि ठंड बढ़ गयी है इसलिए घरों में रहे, अपनी सुरक्षा में आप सतर्क रहे। इस मौके पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी,जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार तथा संबंधित प्रखंड के सीओ और बीडीओ मौजूद रहे।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छ भारत मिशन का समीक्षात्मक बैठक संपन्न




लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड।** उप विकास आयुक्त, स्मृता कुमारी ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अंतर्गत जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत अभियान का मासिक समीक्षात्मक आयोजित की गई। प्रखंडवार ओडीएफ प्लस सहित अन्य बिंदुओं पर बारी–बारी से समीक्षा किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारी को ज्यादा से ज्यादा ओ.डी.एफ.प्लस सरंचनाओ यथा सामुदायिक सोकपिट, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, कम्पोस्ट पीट, ट्रेंच का निर्माण (मल कचरा प्रबंधन) भस्मक निर्माण माहवारी स्वच्छता प्रबंधन करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने निर्धारित लक्ष्य के ससमय प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं इन सभी योजनाओं के उचित क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं क्लस्टरवार संचालित सभी योजनाओं के बारे में मासिक प्रगति की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को बेहतर प्रबंधन के साथ पेयजलापूर्ति हेतु आवश्यक निर्देश दिया। वहीं बैठक में उप विकास आयुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत ओडीएफ प्लस व अन्य कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता में गुणवत्ता पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करें। बैठक में मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1/2, सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## चतरा के हंटरगंज में टमाटर लदा पिकअप वाहन पलटा, बाल बाल बचे चालक, पिकअप वाहन क्षतिग्रस्त

लोकतंत्र की आवाज



**श्री राम पाण्डेय, ब्यूरो चीफ**
**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चतरा – डोभी मुख्य पथ संघरी घाटी में शुक्रवार अहले सुबह 7 बजे लातेहार जिले के गोनिया से टमाटर लेकर आ रही टमाटर से भरी पिकअप वाहन ब्रेक डाउन होने के कारण पलट गई।

टमाटर से भरी पिकअप वाहन लातेहार गोनिया से बिहार के बेगूसराय बाजार जा रही थी। वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से हजारों रुपए के टमाटर बर्बाद हो गए वही वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गई। इधर घटना में चालक बाल बाल बचा। वाहन पलटने के बाद सारे टमाटर सड़क पर इधर – उधर बिखर गए वही राहगीरों में टमाटर उठाने की होड़ मची रही। राहगीरों ने इसकी सूचना थाने में दे दिया है फिलहाल टमाटर व्यवसायी के द्वारा दूसरे वाहन पर लदा जा रहा है।

# पलामू में नए साल के जश्न में 2.47 करोड़ की शराब गटक गए लोग, बिहार सीमा पर भी बिक्री में इजाफा

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** नए साल के जश्न में पलामू इलाके में लोग 2.47 करोड़ की शराब गटक गए. इस दौरान झारखंड से सटे बिहार के सीमावर्ती इलाकों में एक करोड़ रुपये की शराब की बिक्री हुई है. 31 दिसंबर को पलामू में 1.11 करोड़, जबकि एक जनवरी को 1.36 करोड़ का शराब की बिक्री हुई है. पलामू में कुल 79 शराब की दुकानें हैं.

**हुसैनाबाद में भी जमकर छलके जाम :** वहीं पलामू के हुसैनाबाद अंचल में भी अच्छी खासी शराब की बिक्री हुई है. हुसैनाबाद बिहार से सटा हुआ सीमावर्ती इलाका है. हुसैनाबाद अंचल अंतर्गत हरिहरगंज की दुकानें भी आती हैं. यह इलाका पलामू के अति नक्सल प्रभावित इलाकों में से एक है. हुसैनाबाद अंचल में कुल 28 शराब की दुकानें हैं. उत्पाद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर को यहां 49 लाख 57 हजार 855 रुपये, जबकि 1 जनवरी को 51.56 लाख की शराब की बिक्री हुई है. पलामू का इलाका बिहार के गया और औरंगाबाद से सटा हुआ है. बिहार से भी बड़ी संख्या में लोग इस इलाके में शराब पीने के लिए दाखिल होते हैं.

**शहरी इलाकों में भी हुई लाखों की खपत :** वहीं पलामू के शहरी इलाके में कुल 40 शराब की दुकानें हैं. उत्पाद विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र में 31 दिसंबर 2024 को 54.45 लाख रुपये, वहीं पहली जनवरी 2025 को 68.73 लाख की शराब की बिक्री हुई है. वहीं पलामू के पांकी के इलाके में 31 दिसंबर को 07 लाख रुपये, जबकि पहली जनवरी को 16 लाख रुपये की शराब बिकी है. यह जानकारी उत्पाद विभाग की ओर से मुहैया करायी गई है. इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक संजीव देव ने बताया कि पलामू में कुल 2.47 करोड़ की शराब बिकी है. पलामू में वित्तीय वर्ष 2024–25 में 126 करोड़ के शराब की बिक्री का लक्ष्य रखा गया है. दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक 93 करोड़ से भी अधिक की शराब बिक चुकी है. 31 मार्च तक विभाग को 126 करोड़ का लक्ष्य को पूरा करना है।

# प्रवासी मजदूरों का नही थम रहा मौत का सिलसिला, नरेश गंझू की राजस्थान में हुआ आकस्मिक निधन

लोकतंत्र की आवाज



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत नरकी पंचायत के अलकिलवा बस्ती के नरेश गंझू की नए साल की रात अंतिम रात रही, अलकिलवा बस्ती के झमन गंझू के 36 वर्षीय पुत्र नरेश गंझू 1 जनवरी को राजस्थान में देर रात सोते सोते ही इस दुनिया से चल बसे मौत की सूचना मिलते ही परिजन सदमे में हैं, तो वहीं गांव वाले शोक में हैं । चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के कैलाश महतो द्वारा नरेश गंझू पिछले 3 माह पूर्व रोजगार के लिए राजस्थान निकले थे । मृतक नरेश गंझू टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी में फिटिंग मास्टर पद पर कार्यरत थे। अचानक 1 जनवरी को देर रात सोते सोते ही उनकी मौत हो गई।मृतक अपने पीछे बूढ़े माता पिता,पत्नी बासो देवी, पुत्र सूरज कुमार 12 वर्ष,प्रकाश कुमार 9 वर्ष,सुजीत कुमार 6 वर्ष,राजेंद्र कुमार 2 वर्ष को छोड़ गए। परिवार में मृतक नरेश गंझू अकेला घर चलाने वाले व्यक्ति थे ।

पूरा परिवार इन्ही पर आश्रित था । गुरुवार को इस घटना की जानकारी मिलते ही जेएलकेएम मांडू विधानसभा नेता मुकेश कुमार महतो, प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ,भारतीय युवा जेएलकेएम प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, नरकी पंचायत अध्यक्ष निर्मल महतो, संतोष महतो, जोगन महतो , नेमचन्द कुमार मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को संवेदना प्रकट करते हुए हिम्मत बंधाए। मुकेश कुमार महतो कंपनी प्रबंधन से वार्ता कर मृत शरीर को उनके निवास स्थान तक लाने एवं उचित मुआवजा मुहैया के साथ हर संभव मदद करने का आश्वासन दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने घर परिवार को छोड़कर रोजी रोटी की तलाश में प्रदेश गए प्रवासी मजदूरों का मौत का सिलसिला लगातार जारी है।हर रोज झारखंड के किसी न किसी न किसी इलाके के प्रवासी मजदूरों की दूसरे राज्यों या विदेशों से मौत की खबरे आ रही है। पलायन रोकने के लिए ऐसे में सरकार को अपने राज्य में रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए ।

प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने कहा की झारखंड राज्य इतना खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बावजूद यहां के लोग रोजी रोटी के लिए दूसरे राज्यों या विदेशों में जाकर मजदूरी कर रहे हैं।लगातार इस प्रकार घटनाएं घटने से अभी तक सरकार किसी प्रकार की नीति नियम नहीं बना पाई है।सरकार को पलायन रोकने के लिए, हर जिले ,हर प्रखंड में यहां की जनता के लिए रोज़गार उपलब्ध करवाएं ।प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद हजारीबाग ,गिरिडीह, बोकारो जिले से है ।

# पलामू में नेशनल हाइवे पर बस और ट्रक में भीषण टक्कर, 3 की मौत, 5 की हालत गंभीर

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के कसियाडीह में नेशनल हाइवे 75 पर यात्री बस एवं ट्रक में भीषण टक्कर हुई है. हादसे में ट्रक ड्राइवर समेत 3 की मौत हो गई है. वहीं इस दुर्घटना में 5 लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं. दुर्घटना के बाद यात्री बस का ड्राइवर काफी देर तक फंसा रहा था. सभी जख्मी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालमें भर्ती करवाया गया. जेपीएस नामक यात्री बस पलामू के डालटनगंज से रांची जा रही थी. इसी क्रम में सतबरवा थाना क्षेत्र के कसियाडीह में सामने से आ रहे ट्रक से भीषण टक्कर हो गई. शुक्रवार को पलामू में अत्यधिक ठंड पड़ रही है और धुंध भी काफी अधिक है. धुंध के कारण यह दुर्घटना हुई है.

सतबरवा के थाना प्रभारी अंचित कुमार ने घटना था पुष्टि करते हुए बताया कि सभी जख्मी को इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है. घायलों में से दो की मौत इलाज के दौरान हो गई. अब तक तीन लोगों की हादसे में मौत हो गई. पुलिस पूरे मामले में आगे की छानबीन कर रही है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी और सभी जख्मी को अस्पताल पहुंचाया है.

थाना प्रभारी ने बताया कि गंभीर रूप से जख्मी लोगों को इलाज के लिए बाहर भेजने की तैयारी की जा रही है.

- **जेपीएस नामक यात्री बस पलामू जिला के डालटनगंज से रांची जा रही थी**

जख्मी सभी यात्री पलामू के रहने वाले हैं और वे रांची जा रहे थे. एक यात्री का पैर कट के पूरी तरह से अलग हो गया है. पलामू से बड़ी संख्या में प्रतिदिन अहले सुबह बस रांची जाती है. जिस इलाके में यह दुर्घटना हुई है वहां तीखा मोड़ है और विजिबिलिटी काफी कम है. हादसे में जिनकी मौत हुई है उनके नाम हैं रियासत मियां, पुष्पेंद्र कुमार और शशि पांडेय. रियासत मियां पलामू के सतबरवा के मुक्ता गांव का रहने वाला था, जबकि पुष्पेंद्र कुमार यूपी के एटा का रहने वाला था।

# सरिया चिचाकी रेलवे स्टेशन पर दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मृत्यु

लोकतंत्र की आवाज



**अनिल कुमार (संवाददाता)**
**प्रखंड– बिरनी, गिरिडीह।** रेलवे दुर्घटना में मृत व्यक्ति दुर्घटना /अप्रिय घटना की तिथि पीड़ति मृतक की ट्रेन यात्री होने का दस्तावेजी प्रमाण यदि उपलब्ध हो तो अन्यथा यात्रा की श्रेणी टिकट पास संख्या की जरूरत होती है , तभी आप रेलवे से मुआवजा हेतु दावा प्रस्तुत करने का आधार रख सकते हैं। सरिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम बंदखारो निवासी महावीर महतो बीते दिनों चिचाकी रेलवे स्टेशन में ट्रेन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था।जिसका रांची में ईलाज के क्रम में दुखद मौत हो गई। इस दुखद खबर पाकर शमशान घाट पहुंचकर अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित किये तथा शोक संवेदना प्रकट किए, गिरिडीह जिप उपाध्यक्ष सह भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री छोटेलाल यादव जी साथ में पूर्व जिप सदस्य अर्जुन आर्य,रामजी मंडल, महेश कुमार वर्मा, बैजू कुशवाहा, महेश वर्मा, उपस्थित थे।

## जयपाल सिंह मुंडा के जन्म दिवस पर झारखंड आंदोलनकारी नेताओं ने बिष्णुगढ़ में किया बैठक

लोकतंत्र की आवाज



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड आंदोलनकारी के अग्रणी योद्धा जयपाल सिंह मुंडा के जन्म दिवस पर बिष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय के प्रांगण में आंदोलनकारी ने बैठक किया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि आंदोलनकारी के वायदे किए गए सरकार सभी भूल चुकी है जिसको आंदोलन के जरिए आज दिलाना आवश्यक है।

चुनाव के पहले झारखंड के मिट्टी से आंदोलनकारी को हमदर्द बनाकर झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा कहा गया कि हम सभी को सम्मान रूप से पेंशन और आंदोलन कार्यों के हितैषी का काम करेंगे , लेकिन चुनाव के पूर्व भी नहीं कुछ किया गया और चुनाव बीत जाने के बाद राज सत्ता में आने के बाद भी अब तक कोई ठोस पहल नहीं किया गया है जेल जाने की लोगों ने एक स्वर से कहा कि बाध्यता खत्म करना है और सभी को सम्मान पेंशन राशि भुगतान करना है यह निर्णय लिया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी के राज्य सचिव महमूद आलम ने कहा कि जैसे हम लोग झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में शामिल हुए थे अपने हक अधिकार की लड़ाई को भी पानी के लिए आंदोलन के लिए हम सभी एक हैं और आगे आंदोलन जारी रहेगा बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दुलारचंद प्रसाद ने किया जबकि संचालन घनश्याम पाठक के द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से सुनील कुमार सिंह करीमुद्दीन अंसारी भुनेश्वर यादव करीम खान अजय साव

मेघवाल शाह मजबूर अंसारी द्वारीका महतो इसराफ अंसारी कुर्बान अंसारी साबिर अंसारी अकबर अली अलीमुद्दीन बाबूलाल कुमार जगन्नाथ महतो नोनू गोपाल कुलदीप रविदास देवनाथ महतो सब बेनीवाल महतो धनपत महतो धर्मवीर यादव नागेंद्र प्रसाद लोकनाथ यादव माधव महतो प्रेम कुमार वासुदेव महतो मुन्नी महतो हेमलाल साहब रामकिशोर महतो गणेश शाह गांगो महतो मुस्लिम मोहम्मद इमरान अंसारी कर्म महतो सुंदर राम सरस्वती देवी समेत सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### जिलाधिकारी निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का लिया जायजा



लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी

बलिया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने तहसील बैरिया के अंतर्गत सरयू नदी के दायें तट पर इब्राहिमाबाद नौबरार में निर्माणाधीन रिंगबंध का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता, बाढ़ खण्ड संजय कुमार मिश्र से रिंगबंध के निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि रिंगबंध का निर्माण का जनहित का कार्य है, आगामी 15 मार्च तक निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों से भी वार्ता किया। 100 मीटर लम्बाई में जियो ट्यूब भरने का कार्य प्रगति में पाया गया। अधिशासी अभियंता ने बताया कि रिंगबंध की कुल प्रस्तावित लम्बाई 1125 मीटर है। 300 मीटर लम्बाई में कार्य होना शेष है। रिंगबंध का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर लगभग 40,000 आबादी को बाढ़ से सुरक्षा प्रदान होगी। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी बैरिया सुनील कुमार तथा सहायक अभियंता बाढ़ खण्ड अमृतलाल सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### राजस्थानः शहीद राधेश्याम गुर्जर की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित



लोक तंत्र की आवाज
ओम जैन

(राजस्थान)शंभूपुरा। रक्तदान महादान है, प्रत्येक स्वस्थ मनुष्य को वर्ष में एक या दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे उसका स्वास्थ्य तो ठीक रहता ही है साथ ही दान किया रक्त अनेको की जिंदगी बचाने में सहायक होता है। विधायक चंद्रभानसिह आक्या शुक्रवार को ग्राम पंचायत नगरी के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गुर्जरखेडा में शहीद राधेश्याम गुर्जर की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में उपस्थित कार्यकर्ताओ व ग्रामीणो को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने शहीद राधेश्याम गुर्जर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की। पूर्व सरपंच नारायण गुर्जर ने बताया कि प्रातः 9 बजे से अपरांह 3 बजे तक आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 101 व्यक्तियो ने रक्तदान कर पुनित कार्य में अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर सरपंच देवकिशन रेगर, गणपतसिंह, चंपालाल गुर्जर, पुष्कर श्रीमाली, पुरण कीर, टीम जीवनदाता सदस्य चंद्रप्रकाश कीर, पृथ्वीराज कीर, श्रीलाल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई



लोकतंत्र की आबाज
रामजी कुमार

समस्तीपुर। जिले के रा उ म विद्यालय कन्या विष्णुपुर बथुआ पूसा, समस्तीपुर में शुक्रवार को चेतना सत्र के दौरान भारत की महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। विद्यालय की वरीय शिक्षिका साधना कुमारी ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया। प्रधानाध्यापक बिन्देश्वर साह, शिक्षक चन्द्रशेखर कुमार, कल्पना कुमारी, कमली कुमारी, प्रिया भारती, शोभा कुमारी, शालिनी, संतोष कुमार, सपना, आरती , कुणाल कुमार, अब्दुल कादिर, शेखर कुमार, अर्चना भारती, सिंधु कुमारी, अवधेश कुमार, दीपक कुमार, नूतन सिंहा, मीरा कुमारी, विजेन्द्र कुमार झा ने पुष्प अर्पित किया। मध्याह्न के बाद बिहार सरकार, प्रतिभा खोज, मशाल 2024 हेतु बैटरी टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले वर्ग 06–08 के छात्र रूबी, अभिनव, दीपा,. रवि, खुश्बू, नितिन, हिमांशु, केशव, सत्यम को विद्यालय परिवार द्वारा प्रोत्साहित किया गया।

# समेकित मत्स्य पालन के विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

- एमत्स्यिकी महाविधालय ढोली के अधिष्ठाता डॉ. पीपी श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज

रामजी कुमार

**समस्तीपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विवि पुसा के संचार केंद्र स्थित पंचतंत्र भवन सभागार में बेहतर उत्पादन के लिए समेकित मत्स्य पालन के विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन मत्स्यिकी महाविधालय ढोली के अधिष्ठाता डॉ. पीपी श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. पीपी श्रीवास्तव ने कहा कि बेहतर मछली उत्पादन के लिए तालाबों के ऑक्सीजन लेवल को स्थायी रखने की जरूरत होती है। अगर तालाबों का ऑक्सीजन लेवल गिरने लगता हैं तो मछलियों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ना भी शुरू हो जाता है।

मतस्यपालकों को ऐसी स्थिति जब भी दिखे वे तत्क्षण तालाब के पानी में हलचल पैदा कर दें जिससे मछलियां पानी में भ्रमणशील हो जाएं। उन्होने कहा कि आक्सीजन लेवल गिरने की स्थिति में मछलियां पानी भरे तालाब में पानी की सतह से ऊपर अपने मुंह को निकाल कर सुरक्षित स्थान की तलाश करती रहती है। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन के सम्पूर्ण लागत का करीब 50 प्रतिशत खर्च अकेले मछलियों के आहार पर किया जाता है। उन्होंने कहा कि मछलियों को खाना खिलाने के लिए तालाब में एक समय और एक जगह पर भोजन डालने से मछलियों का बेहतर उत्पादन संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि मछली पालन को व्यवसायिक रूप देने के लिए मतस्यपालकों को वैज्ञानिक विधि अपनाने के साथ–साथ तालाबों का समय समय पर प्रबंधन करते रहने की जरूरत हैं। मछलियों को खाने में खल्ली के साथ–साथ ब्रांड डस्ट मिलाकर खिलाने से मछलियों को पौष्टिक आहार मिलता रहता है। उन्होंने कहा कि धान के खेत में भी बेहतर ढंग से मछली उत्पादन कर मछलियों के साथ–साथ किसान धान का उत्पादन भी प्राप्त कर सकते है।

उन्होंने कहा की बिहार में मोती उत्पादन के क्षेत्र में भी व्यवसाय की आपार संभावनाएं है। मतस्यपालक किसान रंगीन मछलियों का व्यवसाय कर अधिकाधिक लाभ प्राप्त कर सकते है। डीएसडब्लू डा. रमण त्रिवेदी ने कहा कि विभिन्न रोगों से निवारण के लिए मनुष्य को मछलियों का सेवन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बीते दो दशकों में मछली पालन के व्यवसाय से काफी किसान जुड़े है। स्वागत भाषण प्रसार शिक्षा निदेशक डा. मयंक राय एवं संचालन प्रसार शिक्षा उप निदेशक डा. विनीता सतपथी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वैज्ञानिक डा. फूलचंद ने किया। मौके पर जिला मत्स्य पदाधिकारी मो. नियाजुद्दीन, सुरेश कुमार, सूरज कुमार आदि मौजूद थे।

# अनूठी पहलः आरएसएस गुरुकुल के बच्चों ने प्रशासनिक अधिकारियों को दी स्वदेशी शुभकामनाएं



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**सिकंदरपुर /बलिया।** शिक्षा के साथ संस्कारों का संदेश देने वाला आर.एस.एस.गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी एकेडमी जमालपुर शुक्रवार को विद्यालय के बच्चों ने स्वदेशी तरीके से बनाए गए नए साल के शुभकामना कार्ड, डायरी और मिठाई के पैकेट लेकर जिले के प्रमुख प्रशासनिक और सरकारी अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

इस पहल के तहत छात्राओं ने उपजिलाधिकारी बेलथरा रोड, खंड विकास अधिकारी सीयर, रेलवे स्टेशन मास्टर बिल्थरारोड, सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. फैजुर्रहमान और उभांव थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह सहित कई सरकारी कार्यालयों का दौरा किया। हर जगह छात्रों की इस पहल को खूब सराहा गया।

विद्यालय के प्रबंधक जय प्रताप सिंह गुड्डू ने कहा, ₹आज के समय में जब आधुनिकता के नाम पर संस्कारों का महत्व घटता जा रहा है, हमें बच्चों को सही दिशा देना जरूरी है। हमारी कोशिश है कि शिक्षा के साथ उन्हें भारतीय संस्कृति और सेवा का पाठ भी सिखाया जाए।₹इस अवसर विद्यालय की निदेशक निशु सिंह, सुचित्रा राय अजीत कुमार यादव खुर्शीद अहमद शोभा सिंह की उपस्थिति में या कार्यक्रम संपन्न हुआ आरएसएस गुरुकुल के पल यह दिखाती है कि शिक्षा केवल किताबिक ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए या बच्चों को एक जिम्मेदार नागरिक और संस्कारिक इंसान बनाने की दिशा में कदम है

## मंगल पांडेय विचार सेवा समिति की बैठक



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** दुबहड़ मंगल पांडेय विचार सेवा समिति के बैठक में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद मंगल पांडेय की जयंती 30 जनवरी को नगवा स्थित शहीद स्मारक में मनाने का निर्णय लिया गया सेवा समिति की बैठक शुक्रवार को नगवा, अखार ढाला स्थित कैंप कार्यालय पर अध्यक्ष कृष्णकांत पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 30 जनवरी को मंगल पांडेय की जयंती मनाने पर विचार तथा हर शिक्षण संस्थाओं पर प्रथम शहीद को माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने का अनुरोध किया। इस मौके पर केके पाठक, वीरेंद्र नाथ चौबे, अन्नपूर्णा नन्द तिवारी,रविंद्र पाल, धीरज यादव, संदीप गुप्ता, छोटेलाल पाठक, पवन यादव, अंजनी यादव, संजय जायसवाल, रवि गुप्ता, शिव बच्चन राम आदि लोग मौजूद रहे।

# खानपुरः अस्थायी टीकाकरण केंद्र की हुई शुरुआत

लोकतंत्र की आबाज

दिलीपकुमार ठाकुर

**खानपुर/समस्तीपुर।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर के अंतर्गत हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर सा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर में अस्थाई टीकाकरण केंद्र की शुरुआत हुई। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे बिहार सरकार के द्वारा सोनपुर से डिजिटल पूरे बिहार प्रदेश में एक हजार टीकाकरण केदो का उद्घाटन किया गया। जिसमें समस्तीपुर जिले का प्रतिनिधित्व स्वास्थ्य हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर के द्वारा किया गया।

जहां दीप प्रज्वलित करके माननीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ सिविल सर्जन समस्तीपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी खानपुर विजय कुमार चंद्र जिला मलेरिया पदाधिकारी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ विजय कुमार जिला



प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर आदित्यनाथ झा एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर डॉ राणा नितेश कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन के मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर एस के चौधरी ने अपने वक्तव्य में बताया कि विकसित भारत के संकल्प की कड़ी में यह स्वास्थ्य उप केंद्र अब अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर एवं हेल्थ और वैलनेस सेंटर खानपुर के रूप में उत्क्रमित हो गया है जहां सप्ताह के तीन इम्यूनाइजेशन किया जाएगा। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के पदाधिकारी में इस केंद्र के पदाधिकारी डॉ रमन कुमार सिंह और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी राजेंद्र वर्मा के अलावा तीन एएनएम की पोस्टिंग की गई है। इस अवसर पर उद्घाटन के मौके पर समस्तीपुर जिला से सिविल सर्जन डॉ एस के चौधरी जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ विजय कुमार जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर आदित्यनाथ झा जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी प्रतिनिधि चंदन राय जिला डाटा इंचार्ज आलोक कुमार के साथ–साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी खानपुर विजय कुमार चंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राणा नितेश कुमार सिंह खानपुर प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक राकेश रंजन ग्रेड ए नर्सिंग स्टाफ पुष्पा कुमारी सिस्टर इंचार्ज जूही कुमारी आशा फैसिलिटेटर शर्मिला भारती आशा फैसिलिटेटर निशा कुमारी के साथ–साथ सभी स्वास्थ्य कर्मी सहित प्रखंड के सभी पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# हलई हाट बाजार स्थित माई बहिन मान योजना को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया

लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर।** मोरवा प्रखंड क्षेत्र के हलई हाट बाजार स्थित शुक्रवार को राजद प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना यादव, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार साहू की अध्यक्षता व राजद प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज कुमार राय के संचालन में माई बहिन मान योजना को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। माई बहिन मान योजना का प्रचार प्रसार का शुभारंभ साइकिल रथ को हरी झंडी दिखाकर विधायक रणविजय साहू के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। माई बहिन मान योजना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक रणविजय साहू ने कहा कि तेजस्वी यादव का माई बहिन मान योजना ऐतिहासिक ऐलान है।

विधायक ने कहा कि अगर हमारी सरकार बनती है तो माई बहिन मान



योजना लागू किया जाएगा 2025 में राज्य सरकार बनने पर महिलाओं को सशक्त स्वस्थ सुखी और स्वावलंबी बनने के लिए लागू होगी। जिससे महिलाओं की खाते में सीधे नगद ?2500 हर महीने मिलेगा। जिससे बिहार के लोगों को काफी ही सहूलियत होगा। उपस्थित सैंकड़ो कार्यकर्ताओं को इस योजना का पर्ची देखकर इस योजना के बारे में बताया गया। दर्जनों राजद के कार्यकर्ताओं ने संबोधित करते हुए इस योजना के लाभ के बारे में उपस्थित महिलाओं को विस्तृत रूप से जानकारी दिया।

कार्यक्रम के अंत में राजद कार्यकर्ता राजेंद्र आर्य, जितेंद्र कुमार, दिलीप महतो एवं दीप नारायण सिंह को विधायक के द्वारा साइकिल दे कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना यादव, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार साहू की अध्यक्षता व राजद प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज कुमार राय, योगेंद्र राय, रामानंद राय, रघुवीर आजाद, दिनेश राय, रामबाबू पासबान, हरेंद्र पंडित, पटोरी प्रमुख सुरेश राय, जितेंद्र राय, राम शंकर राय, देवानंद राय, सुरेश राय, रेणु देवी,रिंकू देवी, धर्मशिला देवी, चुनचुन कुमार, चंदन जायसवाल सहित सैंकड़ो लोग मौजूद थे।

# वीरधरा आंगनबाड़ी केन्द्र फिर बना बच्चो की आवाज, लगातार खबरों के बाद चेते जिम्मेदार

लोक तंत्र की आवाज

ओम जैन

**(राजस्थान)शंभूपुरा।** वैसे तो आंगनबाड़ी में भी स्कूलों की तर्ज पर पढ़ाने की शुरुआत कर दी है लेकिन स्कूलों के नियम लागू नही होने से हर बार इन छोटे छोटे बच्चो को परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रदेशभर में 25 दिसम्बर से सभी सरकारी गेर सरकारी विद्यालयों में बच्चो सहित स्टाफ को शीतकालीन अवकाश कर दिया लेकिन सरकार एक बार पुनः आंगनवाड़ी के बच्चो को भूल गई। 2 जनवरी को शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग राजस्थान ने एक आदेश जारी कर प्रदेश में शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए सभी जिला कलेक्टर को आंगनवाड़ी बच्चो को अवकाश के लिए अधिकृत किया बावजूद इसके चित्तौड़गढ़ जिले के आंगनवाड़ी केंद्र यथावत चलते रहे और छोटे बच्चे ठंड में ठिठुरते रहे लेकिन ना विभाग ने संज्ञान लिया ना जिला प्रसासन ने, जिससे बच्चे यही पुकार करते रहे कि बड़े बच्चो की छुट्टी हो गई हमे भी ठंड लगती है। इन मामले को लेकर वीरधरा न्यूज़ नेटवर्क ने बच्चो की आवाज बनकर प्रमुखता से इस मुद्दे को लगातार उठाया और विभाग व प्रसासन को जगाने का प्रयास किया, जिससे बाद आखिरकार देर से ही सही विभाग जागा ओर महिला एवं बाल विकास विभाग चित्तौड़गढ़ के उप निदेशक नंदलाल मेघवाल ने एक आदेश जारी कर आंगनबाड़ी पर आने वाले 3–6 साल के बच्चो का 4 से 7 जनवरी तक अवकाश घोषित किया। इस आदेश के बाद जहा विभागीय कार्मिकों ने भी राहत की सास ली वही अभिभावकों ने भी विभाग और एक बार फिर जिले में बच्चो की आवाज बने वीरधरा न्यूज़ नेटवर्क का आभार जताया।

# निम्बाहेड़ा में वरघोड़े के साथ भैरव भक्ति का भव्य आयोजन आज

लोक तंत्र की आवाज

ओम जैन

**(राज स्थान)शंभूपुरा।** निम्बाहेड़ा की पावन धर्म धरा पर श्री नाकोड़ा पार्श्व पूर्णिमा मण्डल के द्वारा स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में भव्य श्री पार्श्व भैरव भक्ति संध्या का आयोजन 4 जनवरी को किया जा रहा है। इसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में दोपहर सवा 12 बजे भजन संध्या आयोजन की भूमि का विधिवत पूजा अर्चना की गई।

इस अवसर पर इस अवसर पर श्री नाकोड़ा पार्श्व पूर्णिमा मण्डल के बसन्त लोढ़ा, जिनराज पितलिया, बलवंत बम्ब, सुनिल सिंघवी, कुशाल छाजेड़, राजेश बोड़ाणा, पंकज संचेती, अभिषेक वडारा, अंकित वीराणी, कमलेश दुग्गड़, मनोज मेहता, गौतम चंडालिया, नवीन ढेलावत, पिंकेश



कांठेड़, अभय लोढा, जीतु डागा, प्रियेश डुंगरवाल, वैभव अब्भाणी, हर्षद बोड़ाणा, दीपक सगरावत, पीयूष मोदी, श्रेयांश पालेचा, किशोर शर्मा, निखिल संचेती आदि मौजूद रहे।

- भजन संध्या से पहले पार्श्व पूर्णिमा मण्डल ने किया भूमि पूजन

श्री नाकोड़ा पार्श्व पूर्णिमा मण्डल के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 जनवरी, शनिवार को दोपहर सवा 12 बजे सिटी वाले जैन मंदिर से भव्य वरघोड़ा निकाला जाएगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भजन संध्या आयोजन स्थल कृषि उपज मंडी निम्बाहेड़ा पर पहुंचेगा, जहां सांय 7.15 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

भजन संध्या में बालोतरा के प्रसिद्ध भजन गायक वैभव बाघमार एवं सिरोही की प्रसिद्ध गायिका नीता नायक की मधुर वाणी में श्रोता भजनों की स्वर लहरियों का आनंद लेंगे। भजन संध्या के आयोजन को लेकर श्री नाकोड़ा पार्श्व पूर्णिमा मण्डल के द्वारा तैयारियो को अंतिम रुप दिया गया।

# दरभंगाः चार सड़कों का विधायक ने किया शिलान्यास

लोकतंत्र की आवाज

मुरारी झा

**दरभंगा।** दरभंगा शहरी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पथ निर्माण से जुड़े चार योजनाओं का तीन पंचायतों में विधायक संजय सरावगी ने शिलान्यास किया। उन्होंने कबीरचक पंचायत में 77 लाख 12 हजार की लागत से पोषणपुरा में मुख्य पथ होते हुए बैंकर्स कॉलोनी तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यहां पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी, पंचायत समिति सदस्य कंचन देवी उपस्थित रही।

वहीं रानीपुर पंचायत में लगभग 2 करोड़ 49 लाख की लागत से कंगवा गुमटी से रानीपुर नंदलाल चौधरी टोला जानेवाली मुख्य सड़क का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यहां मुखिया राज कुमार दास, पंचायत समिति सीमा देवी उपस्थित रही। जबकि सारामोहम्मद




पंचायत में सारामोहम्मद द्वार से गंगवाड़ा क्रांति चौक लगभग 98 लाख की लागत से और तांत्रिक बाबा चौक से रोड नम्बर 7 मुस्लिम टोला होते हुए चैतन्य टोला तक जानेवाली पथ लगभग 1 करोड़ 82 लाख की लागत से निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यहां मुखिया विमला देवी, पंचायत समिति आरती कुमारी उपस्थित रही। वहीं सभी जगह आयोजित शिलान्यास का कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख उदय कुमार सहनी ने किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों के साथ काफी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

वहीं विधायक संजय सरावगी ने कहा की क्षेत्र के विकास के लिए मैं प्रयासरत हूं इसी कड़ी में चार सड़को का शिलान्यास किया हूँ। इस के निर्माण के लिए मैं लगातार प्रयासरत था। सड़क बन जाने के बाद ग्रामीणों को आवागमन में बहुत लाभ होगा। वहीं सारामोहम्मद पंचायत में स्थानीय लोगो ने सड़क के साथ तांत्रिक बाबा चौक से रोड नम्बर–7 मुस्लिम टोला होते हुए चैतन्य टोला तक जाने वाली पथ के साथ जल निकासी हेतु सड़क के साथ साथ नाला निर्माण कराने की मांग भी विधायक के समक्ष जोर–शोर से किया तो विधायक संजय सरावगी ने कहा अतिक्रमण मुक्त करने के बाद नाले का भी निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। इस मौके पर सुनील कुमार साह, आरती कुमारी, रतन कुमार पासवान, रविकांत झा, गुड्डू पासवान, सुमित कुमार, रहमत अली आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### डीआईजी चंपारण प्रक्षेत्र से शिष्टाचार भेंट



लोकतंत्र की आवाज
क्षितिज राज
बेतिया । चम्पारण प्रक्षेत्र के डीआईजी हर किशोर राय से शुक्रवार को दिन वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के अध्यक्ष राणा प्रताप गुप्ता, सचिव निरंकार भास्कर, प्रवक्ता सत्यम सिंघानिया, चंदन राजपूत ,अफताब रौशन, विनय कुमार समेत कई प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार शामिल रहे ।जहां उन्हें गुलदस्ता दे नव वर्ष की शुभकामनाएं दी । वही जिले में अपराध मुक्त बनाने के लिए पत्रकार और प्रशासन की सहयोग की चर्चा हुई जिस पर डीआईजी ने पत्रकारों को विश्वास दिलाया की पत्रकार और प्रशासन मिलकर समाज में एक नई दिशा दे सकते हैं ,उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी को काम पर ध्यान देना है जिससे समाज को एक नई दिशा और ऊर्जा मिल सके ।

### रक्सी स्थान में पर्यटकों के लिए बढ़ेंगी सुविधायें



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। बोरियों विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनंजय सोरेन ने मिर्जाचौकी के शक्तिपीठ कहे जाने वाली वन देवी रक्सी स्थान का भ्रमण किया एवं वहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के बारे में जानकारी ली इसके साथ ही बन रहे पर्यटक स्थल का भी जायजा लिया । भ्रमण के दौरान विधायक धनंजय सोरेन ने बताया कि यहां पर्यटको के लिए पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक डीप बोरिंग चापाकल एवं पर्याप्त रोशनी उपलब्ध कराने के लिए ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर बिजली विभाग एवं पेयजल के लिए विभाग से वार्ता की है बहुत जल्द ही इसका समाधान हो जाएगा साथ ही चार दिवारी के साथ-साथ पर्यटकों के रहने के लिए सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक ने कहा कि यह शक्तिपीठ है आदिम युग से वन देवी रक्सी स्थान तेलियागड़ी के नाम से यह ऐतिहासिक धरोहर विख्यात है इस एतिहासिक स्थल को संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य बनता है यहां सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। यह एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पर्यटन स्थल बनाने की बात विधायक ने कही इस अवसर पर राजू जायसवाल , प्रमोद यादव ,गुड्डू चौधरी ,वीरेंद्र शाह ,मनीष कुमार , देवेन्द्र यादव, रविन्द्र कुमार,पांचू शाह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। साहिबगंज उपायुक्त हेमंत सती के अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने साहिबगंज मेगा जलापूर्ति योजना, साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना, तालझारी ब्लॉक पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना, बोरियो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना, मंडरो पूर्ण कवरेज ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना, साहेबगंज गोड्डा दुमका एमवीएस, योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि अभी तक कितने योजनाएं पूर्ण हुये, कितने योजना संचालित हैं, कितने योजना प्रक्रियाधीन हैं एवं कितने योजना पूर्ण होने के पश्चात अब तक हैंडओवर नहीं हुये हैं, इसकी जानकारी संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता से ली। उपायुक्त ने अपूर्ण योजनाओं को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा संचालित योजनाएं एवं पूर्ण योजनाएं की समीक्षा करते हुए जल जीवन मिशन के तहत कितने हाउस होल्ड को जोड़ा गया है, इसकी जानकारी ली एवं संचालित कार्यों को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में कार्यपालक अभियंता शशि शेखर सिंह, सभी सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, जिला समन्वय जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन के कर्मी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की हुई गई जान



लोकतंत्र की आबाज
समस्तीपुर/पूसा। जिले के पूसा थाना क्षेत्र के समस्तीपुर—पूसा—मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग स्थित बिशनपुर मोर पर शुक्रवार दोपहर को एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहे युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक युवक की पहचान पूसा के दक्षिणी हरपुर वार्ड संख्या 14 निवासी नागेंद्र राम के 25 वर्षीय पुत्र निदेश कुमार के रूप में की गई हैं। बाद में आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुसा पुलिस को दी। घटना स्थल पर पहुँची पुसा पुलिस ने मृत युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। ग्रामीणों की मानें तो मृतक युवक के बाइक की स्पीड जहाँ बहुत ज्यादा थी। वही उसने हेलमेट भी नही पहना था। अगर युवक हेलमेट पहने हुए रहता तो शायद उसकी जान बच जाती। ग्रामीणों के अनुसार मृतक निदेश कुमार तीन भाइयों चंदन कुमार और अविनाश कुमार के बाद सबसे छोटा भाई था। इधर घटना की पुष्टि करते हुए पूसा थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि मृत युवक के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

# जदयू कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया देश की पहली महिला शिक्षक सावित्री बाई फुले की 194 वीं जयंती

लोकतंत्र की आवाज



**अभय कुमार रंजन**
**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन रोड स्थित जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय में शुक्रवार को पहुंचे पार्टी के नव मनोनीत वारिसलीगंज विधानसभा प्रभारी मो. सादिक अख्तर का जदयू कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।मो. अख्तर को पार्टीजनों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा फूल माला पहनाकर उनके प्रथम आगमन को यादगार बना दिया।तत्पश्चात पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार राय ने की।

इस मौके पर सबों ने पार्टी की मजबूती के लिए पंचायत तथा बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया।विधानसभा प्रभारी ने कार्यकर्ताओं के मान सम्मान तथा विकास कार्यों को मूर्त रूप देने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।उन्होंने कार्यकर्ताओं की आवाज को पार्टी तथा सरकार तक पहुंचाने का वादा भी किया।कार्यकर्ताओं ने विकट परिस्थितियों में भी वारिसलीगंज

- कार्यकर्ताओं ने सावित्री बाई फूले की व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए नारी सशक्तिकरण पर बल दिया

विधानसभा क्षेत्र में एनडीए के लिए विधानसभा तथा लोकसभा में जीत के लिए काम करने का अपना अनुभव साझा किया।इसके बाद भारत में शोषित,वंचित,उपेक्षित तथा समाज की सबसे अंतिम पंक्ति में खड़ी महिलाओं के लिए सर्वप्रथम शिक्षा की ज्योति जलाने वाली विभूति सावित्री बाई फूले की 194 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

सबों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए नारी सशक्तिकरण पर बल दिया।सबसे अंत में बिहार के महान विभूति आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर शोक प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा. इस अवसर पर जदयू जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव,अखिल भारतीय धानुक महासंघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय कुमार राय,वारिसलीगंज नगर परिषद उपाध्यक्ष सह जेडीयू जिला उपाधक्ष अरुण कुमार राय,जिला महासचिव चंद्रमौलि शर्मा,जिला महासचिव महेश भाई पटेल,जदयू नगर अध्यक्ष रणविजय प्रसाद, प्रखंड उपाध्यक्ष आमोद साव, सुमिता कुमारी, सुनील दास, पप्पू चौधरी,प्रखंड महामंत्री कंचन कुमार,मीडिया प्रभारी विकास कुमार सन्नी,भगवान सिंह चंद्रवंशी, नवल किशोर चंद्रवंशी, उमेश रजक, जितेंद्र प्रसाद,अशोक रविदास, मो. इरफान, विनोद सिंह,संजय कुमार, गोल्डी कुमार, रामभजन मांझी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

## निबंधन विभाग के पेपरलेस प्रक्रिया के विरोध में काला बिल्ला लगा कर कार्य किया जा रहा है



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बिहार सरकार निबंधन विभाग के द्वारा पुरे बिहार के निबंधन कार्यालयों में ऑनलाईन पेपरलेस निबंधन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।जिसमें दस्तावेज नविसों की भूमिका को स्पष्ट नहीं किया गया है।निबंधन विभाग के किसी भी पदाधिकारी के द्वारा नये निबंधन प्रणाली में दस्तावेज लेखकों की भूमिका को स्पष्ट नहीं किया जा रहा है।ऐसा प्रतित होता है कि निबंधन विभाग का दस्तावेज लेखक,शिशुक्षु तथा निबंधन कार्यों से जुड़े सभी व्यक्तियों के प्रति मंशा ठीक नहीं है,जिसके कारण बिहार प्रान्त के सभी दस्तावेज लेखकों में भारी असतोष व्याप्त है।

उक्त आशय की जानकारी बिहार दस्तावेज नवीस संघ बगहा के प्रांतीय संगठन मंत्री मधुरेंद्र कुमार वर्मा ने दिया।उन्होंने बताया कि बगहा पुलिस जिला बिहार दस्तावेज नवीस।महासंघ बगहा के तत्वधान में शुक्रवार को निबंधन कार्यालयों में कार्यरत सभी दस्तावेज नविस,शिशुक्षु एवं निबंधन के कार्य से जुड़े सभी व्यक्ति एक दिन के लिये काला बिला लगाकर शांतिपूर्वक तरीके से कार्य कर रहे है।

साथ ही सरकार से यह मांग करते है कि निबंधन विभाग के द्वारा प्रस्तावित पेपरलेस निबंधन प्रणाली में दस्तावेज लेखकों की भूमिका को सुनिश्चित किया जाये,ताकि सभी दस्तावेज लेखक,शिशुक्षु तथा निबंधन कार्यों से जुड़े लाखों व्यक्तियों का जिवन जीविका सुचारू रूप से चल सकें।वही प्रांतीय संगठन मंत्री मधुरेंद्र कुमार वर्मा,सचिव दीपक कुमार,अध्यक्ष मो फारुक,सदस्य कल्मेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव,जलेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव,दयाशंकर वर्माज धीरेन्द्र कुमार वर्मा,तारकेश्वर प्रसाद वर्मा,अतुल कुमार वर्मा,मो याहिया,राकेश कुमार श्रीवास्तव,रविन्द्र प्रसाद, दर्जनों लोग काला बिला लगाकर कार्य करते रहे।

## योजनाओं का चयन कार्य हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
**साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड सभागार में शुक्रवार को वर्ष 2025/26 में योजना निर्माण कार्य हेतु जीपीडीपी निर्माण प्रक्रिया के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी मो युसुफ के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित जीपीसी महिला सभा बाल सभा ग्राम सभा के संदर्भ में विस्तार पूर्वक प्रखंड समन्वय सह मास्टर ट्रेनर अभिजीत कुमार के द्वारा सभी को जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि एलएसडीजी के 9 थीम पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उपस्थिति को ग्राम सभा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। योजना चयन प्रक्रिया के दौरान वार्ड सदस्य गण जेएसएलपीएस कर्मी एवं भीपीआरपी सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर सैकड़ों कि संख्या में प्रशिक्षु गण सहित विभिन्न कर्मी उपस्थित थे।

## बगहाः सड़क दुर्घटना में एक की मौत बेहतरीन इलाज के लिए दूसरा जीएफसीएच में रेफर

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** रतवाल मार्ग पर बाइक और नियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के क्रम में सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई है जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया है।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने घायल व्यक्तियों को पतिलार पीएचसी में भर्ती कराया जहां एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टर घनश्याम कुमार ने दोनों का जांच किया।

जहां एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे जीएमसीच बेतिया के लिए रेफर कर दिया गया है। मृत युवक की पहचान भीतहा थाना क्षेत्र के हथुअहवा गांव निवासी सीता राम कुशवाहा के पुत्र संतोष कुशवाहा (35) के रूप में की गई है। जबकि इसी गांव के अनिल कुशवाहा (28) गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि दोनों व्यक्ति बगहा कोर्ट से वापस अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ।

**इस घटना की सूचना पुलिस के द्वारा परिजनों को दी गई :** पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। डॉ घनश्याम कुमार ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को अस्पताल में लाया गया था जिसमें एक की मौत अस्पताल में पहुंचने के पहले ही हो गई थी। वहीं दूसरे की स्थिति नाजुक है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसीच रेफर कर दिया गया है।

समाजसेवी सुरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि दोनों चचेरे भाई हैं। जिसमें एक की मौत हो गई है। और दूसरा को इलाज के लिए बेतिया रेफर किया गया वही हम लोगों का कहना है कि सरकार इसमें उचित मुआवजा दे। मृत अपने पीछे बाल बच्चा परिवार को छोड़कर चला गया है जिसका जीवन यापन करने में सहयोग मिलेगा और परिवार वालों को सांत्वना भी दिया गया

## रोशना कुंवरी का त्याग, समर्पण और बलिदान सदैव अमर रहेगाः डॉ. शैलेश

लोक तंत्र की आवाज

- रोशना कुंवरी को सच्ची श्रद्धांजलि राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना हैः राजेश पांडेय

**बलिया ।** जनपद के गढ़मलपुर सहुलाई स्थित श्रीनाथ इंटर कॉलेज परिसर में दानवीर रोशना कुंवरी की स्मृति में 70वां उत्सर्ग दिवस प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में भव्य रूप से मनाया गया।

समारोह का शुभारंभ प्रबंधक राजेश कुमार पांडेय, पोला सिंह, डॉ. शैलेश सिंह 'शौर्य' और प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार सिंह ने दानवीरा रोशना कुंवरी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके बाद छात्रों ने प्रभात फेरी के साथ स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि और सह-प्रबंधक राजेश पांडेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ''त्याग और समर्पण की प्रतीक रोशना कुंवरी हमेशा छात्रों के दिलों में जीवित रहेंगी। राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डी.बी. कॉलेज, जयनगर (बिहार) के युवा शिक्षाविद और साहित्यकार डॉ. शैलेश कुमार सिंह 'शौर्य' ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ''मानव धर्म में केवल त्याग और समर्पण ही है जो जीवन को सार्थक और महान बनाता है। इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं में रोशना कुंवरी का त्याग, समर्पण और बलिदान सदैव अमर रहेगा।

इस दौरान प्रबंध समिति के सदस्य कृष्ण कुमार सिंह 'पोला सिंह' ने रोशना कुंवरी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, ''त्याग और समर्पण की भावना को महत्व देकर जीवन को सरल और सफल बनाया जा सकता है। त्याग और समर्पण ही जीवन की सुंदरता को बढ़ाते हैं। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार सिंह ने अध्यक्षता करते हुए छात्रों की शैक्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला और सामूहिक रूप से रोशना कुंवरी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। समारोह का संचालन अरविंद शुक्ला जी ने किया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष तिवारी ने किया।

इस दौरान मुख्य रूप से प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार सिंह, विजय बहादुर सिंह, सुरेश सिंह, दयाशंकर सिंह, पोला सिंह, श्याम बिहारी सिंह, डॉ. शैलेश सिंह 'शौर्य', जितेंद्र पांडेय, शिवानंद तिवारी, बड़े तिवारी, पंचानंद यादव और सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## उच्च रक्तचापः खामोश कातिल से बचने के प्रभावी उपाय, डॉ. पूजा भारती ने साझा किए महत्वपूर्ण टिप्स

लोक तंत्र की आवाज



**कटिहार।** उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) को चिकित्सकीय भाषा में ₹साइलेंट किलर₹ यानी खामोश कातिल कहा जाता है, क्योंकि यह बिना किसी स्पष्ट लक्षण के शरीर को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता रहता है। यह बीमारी हमारे हृदय, मस्तिष्क, आंखों और किडनी की नसों को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे गंभीर समस्याएं जैसे हार्ट अटैक, लकवा, किडनी फेल्योर, और अंधापन हो सकती हैं। यदि आपका ब्लड प्रेशर लगातार 130/90 से अधिक है, तो आपको जल्द से जल्द डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

डॉ. पूजा भारती, स्त्री प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ, और कटिहार मेडिकल कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर ने उच्च रक्तचाप के नियंत्रण और इसके प्रभावी बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव करके हम इस खतरनाक बीमारी को नियंत्रित कर सकते हैं और इसके गंभीर परिणामों से बच सकते हैं।

**उच्च रक्तचाप से बचाव के लिए डॉ. पूजा भारती ने सुझाए ये प्रभावी उपायः** नमक का सेवन केवल उतना ही करें जितना सामान्य रूप से आपके खाने में डाला जाता है। पैकेटबंद खाद्य पदार्थ जैसे अचार, पापड़, चटनी, सॉस, चिप्स और कुरकुरे से बचें। सब्जियों में 5 ग्राम से अधिक नमक का उपयोग न करें। रोटी में भी नमक न मिलाएं।

**फल और सब्जियों का सेवन बढ़ाएं :** अपनी डाइट में अधिक से अधिक फल और सब्जियों को शामिल करें। इसके अलावा, फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ जैसे दालें, दलिया और बिना छने हुए गेहूं का आटा भी अधिक खाएं।

**नियमित शारीरिक व्यायाम करें :** हफ्ते में 3-5 दिन शारीरिक व्यायाम करें और रोज़ कम से कम 40 मिनट तक तेज गति से चलें या साइकिल चलाने का प्रयास करें। यह दिल और रक्तचाप के लिए फायदेमंद है।

- ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के लिए जीवनशैली में बदलाव जरूरी, जानें उच्च रक्तचाप के लक्षण और बचाव के उपाय

**वजन नियंत्रित रखें :** अगर आपका वजन अधिक है तो उसे घटाने की कोशिश करें। अधिक वजन रक्तचाप, डायबिटीज और कैंसर का भी कारण बन सकता है। महिलाओं के लिए कमर का घेरा 32 इंच और पुरुषों के लिए 35 इंच से अधिक नहीं होना चाहिए।

**धूम्रपान और तम्बाकू से बचें :** धूम्रपान और तम्बाकू का सेवन रक्तचाप को बढ़ा सकता है और हृदय रोग के खतरे को भी बढ़ाता है। इन आदतों को तुरंत छोड़ देना चाहिए।

**अल्कोहल का सेवन बंद करें :** शराब का सेवन रक्तचाप को बढ़ाता है और हृदय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसे पूरी तरह से बंद कर दें।

**दवाइयों का सेवन समय पर करें:** यदि डॉक्टर ने रक्तचाप के लिए कोई दवाइयाँ दी हैं, तो उन्हें नियमित रूप से लें। किसी भी डोज को भूलने पर तुरंत उसे लें, लेकिन अगली डोज का समय हो तो डबल डोज न लें। डॉक्टर की सलाह के बिना दवा के शेड्यूल में बदलाव न करें।

**असामान्य लक्षणों को नजरअंदाज न करें :** यदि आपको सिरदर्द, जीभ तुतलाना, मुंह टेढ़ा होना, किसी अंग का काम न करना, चक्कर आना, छाती में दर्द, आंखों में अंधेरा छाना, या हाथ-पैरों का सुन्न होना महसूस हो, तो इसे हल्के में न लें। तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और नजदीकी अस्पताल में जांच करवाएं।

डॉ. पूजा भारती ने कहा कि उच्च रक्तचाप को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यह चुपचाप शरीर में तबाही मचाता है। समय रहते सावधानियों को अपनाकर इस खतरनाक बीमारी से बचा जा सकता है और जीवन को स्वस्थ रखा जा सकता है।

## सहयोग के स्थापना दिवस पर रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

लोक तंत्र की आवाज




**पूर्णियां।** सहयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर अध्यक्ष डॉ. अजीत प्रसाद सिंह ने अपने सदस्यों और वालंटियर के साथ मिलकर रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस दौरान डॉ. अजीत प्रसाद सिंह ने स्वयं पहले रक्तदान किया और उसके बाद अन्य सदस्य और वालंटियर ने भी रक्तदान किया।

रक्तदान के महत्व को बताते हुए डॉ. अजीत ने कहा, ''रक्तदान से केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार नहीं होता, बल्कि यह आयरन के स्तर को नियंत्रित करने में भी मदद करता है, जिससे हृदय रोगों के जोखिम में कमी आती है। विशेष रूप से सर्दियों में रक्त गाढ़ा हो जाता है और शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ता है। ऐसे में नियमित रक्तदान से दिल के दौरे की संभावना 88% तक कम हो सकती है। रक्तदान करने से न केवल आप अपनी सेहत को बेहतर बनाते हैं, बल्कि दूसरों की जान भी बचाते हैं, जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।

शिविर में डॉ. अजीत प्रसाद सिंह ने स्थानीय जरूरतमंदों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें होम्योपैथिक उपचार दिया। शिविर में सर्दी-खांसी, जोड़ों के दर्द और पेट

- डॉ. अजीत प्रसाद सिंह ने रक्तदान कर किया प्रेरित, निशुल्क स्वास्थ्य जांच और होम्योपैथिक उपचार से हजारों को मिला लाभ

संबंधित रोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या अधिक रही।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग सदस्यों विकास कुमार, सतीश कुमार ठाकुर (डिजिटल सीएससी), प्रीतम कुमार, आस्था, रंजीत कुमार, रमन, रूपेश कुमार गांधी, राजा कुमार सिंह, पार्वती कुमारी, रोशन कुमार, देवेंद्र कुमार, सुरेश मुखिया, नीरज कुमार, मोनू कुमार, विशाल कुमार और अन्य वालंटियर का योगदान सराहनीय रहा।


लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।